हिन्दी दैनिक

राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर,शनिवार
01.02.2025
नगर संस्करण
वर्ष: 01,अंक :260

RNI No. : JHAHIN - 01092

जमशेदपुर से प्रकाशित

मूल्य : दो रुपए

rashtrasamvad.com

सुविचार

अपनी आदतों पर अच्छे से ध्यान दे क्योंकि पता नहीं कब वो ख़राब हो जाये ।

संसद में राष्ट्रपति का 59 मिनट का अभिभाषण:

कहा- 70+ बुजुर्गों को आयुष्मान का फायदा मिला, छोटे कारोबारियों को दोगुना लोन; 3 करोड़ नए घर बनेंगे

नई दिल्ली,एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मेरी सरकार भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। उन्होंने संसद के संयुक्त सत्र के संबोधन में इस पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अभी दो महीने पहले ही हमने अपने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया और कुछ दिन पहले ही भारत गणराज्य ने 75 वर्ष की यात्रा पूरी की है। उन्होंने सभी लोगों की ओर से बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान निर्माण में शामिल सभी लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में देश में हो रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आज वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी अनेक ट्रेनें चलाई जा रही हैं। पिछले छह महीने में 17 नई वंदे भारत ट्रेनें और एक नमो ट्रेन शुरू की गई है। एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ (संशोधन) विधेयक की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। पिछले एक दशक में मेरी सरकार ने विकसित भारत की यात्रा को नई ऊर्जा दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व चल रहा है। महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में पवित्र डुबकी लगाई है। उन्होंने मौनी अमावस्या पर हुए हादसे पर दुख जताया और अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ लोगों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष फोकस किया है।उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में विश्वास करती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। हमारी बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूरदराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

..अंत तक राष्ट्रपति थक गई थीं, मुश्किल से बोल पा रही थीं, सोनिया के बयान पर बवाल; भाजपा ने किया पलटवार

नई दिल्ली,एजेंसी। संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर बवाल मच गया है। सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा। राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। इस पर भाजपा ने पलटवार किया और इसे राष्ट्रपति का अपमान करार दिया। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। **सोनिया गांधी ने क्या कहा?** दरअसल, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। वहीं, राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहा।

सोनिया और राहुल से क्या उम्मीद की जा सकती है- धर्मेंद्र प्रधान

सोनिया गांधी की टिप्पणी को भाजपा ने राष्ट्रपति का अपमान करार दिया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के खिलाफ जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया, मैं उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है?

कांग्रेस की सोच पर सवाल, आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेंगे :पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

राष्ट्र संवाद संवाददाता ।भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) ने कांग्रेस पर कड़ी आलोचना की है, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह देश की सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी आदिवासी महिला, महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का अपमान कर रही है। भाजपा ने कहा कि यह न केवल आदिवासी समाज, बल्कि सभी महिलाओं का अपमान है। भा.ज.पा. के प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस की सोच को देखकर यह साफ हो जाता है कि इन लोगों को यह कभी पचा नहीं सकता कि एक आदिवासी महिला देश के सबसे बड़े पद तक पहुंची है। कांग्रेस का इतिहास कभी आदिवासी धर्म कोड हटाने का रहा है, तो कभी आंदोलन कर रहे आदिवासियों पर गोली चलवाने का। यह कांग्रेसियों की सच्चाई है। उन्होंने यह भी कहा कि आजादी के साढ़े सात दशकों बाद, आदिवासी समाज को यह सम्मान केवल भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के कार्यकाल में ही प्राप्त हो सका है।

कांग्रेस के शाही परिवार ने राष्ट्रपति का किया अपमान :प्रधानमंत्री

नई दिल्ली ,एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज द्वारका में रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार देश ने फिर देखा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित किया। उनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है, लेकिन उन्होंने बेहतरीन भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति ओडिशा आदिवासी परिवार से निकलकर यहां तक पहुंची हैं। ये देश के 10 करोड़ आदिवासियों का अपमान है। जो जमीन से उठकर ऊपर आते हैं, उनको कांग्रेस का शाही परिवार पसंद नहीं करता। गरीब, दलित, आदिवासी और ओबीसी समाज से जो भी लोग आगे बढ़ते हैं, कांग्रेस उनको अपमानित करती है।

इलेन–बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के मरीजों के इलाज की विशेष व्यवस्था रखें : मुख्यमंत्री

राष्ट्र संवाद संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी के संक्रमण की रोकथाम एवं चिह्नित मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ0 इरफान अंसारी ऑनलाइन जुड़े थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरीष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम बीमारी के दुष्प्रभाव, लक्षण एवं बचाव से संबंधित जानकारी से अवगत कराया।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से ग्रस्त मरीजों की पहचान करने एवं अस्पतालों में उनके समुचित ईलाज की विशेष व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जीबीएस के संक्रमण से बचने के लिए राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से बचाव के लिए आम जनमानस को जागरूक करने की आवश्यकता है।

अबुआ आवास योजना से सृजित लाभुक अब खुद कर पाएंगे अपने आवास की जियो टैगिंग

रांची। ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह के निर्देश पर विभाग ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में लाभुकों को ससमय किस्त की राशि देने की अनूठी पहल के तहत ÷बेनेफिशियरी लेवल जीयो टैग एप तैयार किया है। इस ऐप के माध्यम से आवास निर्माण प्रगति के अनुसार लाभुक खुद अपने निर्माणाधीन आवास का जीयो टैग कर सकेंगे। मंत्री श्रीमती दीपिक पांडे सिंह ने बताया कि लाभुकों को आवास देने संबंधित कार्य के दौरान कई तरह की बातें सामने आती है। इसलिए लाभुकों को ससमय किस्त राशि भुगतान करने संबंधित प्रक्रियाओं को पारदर्शिता बनाने के उद्देश्य से एप को तैयार किया गया है। जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे लाभुकों को किस्तों के बंटवारे में होनेवाली गड़बड़ियों पर भी रोक लगेगी।

झारखंड को विशेष आर्थिक पैकेज ना दे केंद्र सरकार, बस झारखंड के बकाया का भुगतान कर दे: राधाकृष्ण किशोर

धनबाद,राष्ट्र संवाद संवाददाता। धनबाद पहुंचे झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होने जा रहे बजट पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा- ÷झारखंड को विशेष आर्थिक पैकेज ना दे केंद्र सरकार, बस झारखंड के बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का भुगतान कर दे। झारखंड सरकार की ओर से केंद्र सरकार से कोयला रॉयल्टी के रूप में बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया भुगतान करने की बात बार बार कही जा रही है। वहीं लंबे समय से इसको लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच रस्साकशी भी जारी है। शुक्रवार को वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत राजस्व संग्रहण की अघतन स्थिति तथा राजस्व वृद्धि के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा के लिए धनबाद पहुंचे थे। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने सर्किट हाउस में मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।वित्तमंत्री ने केंद्र सरकार के जरिये संसद में पेश होने जा रहे बजट पर कहा कि उन्हें बजट से कोई अपेक्षा नहीं है। केंद्र सरकार कोई स्पेशल पैकेज झारखंड को भले ही न दे, लेकिन झारखंड का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये भुगतान कर दे। उन्होंने कहा कि बजट से बस यही अपेक्षा रखते है। केंद्र सरकार केपिटल राशि बकाया दे दे, अभी ब्याज की बात नही करेंगे। यह याचना करने की बात नही है, यह झारखंड का हक है। उन्होंने कहा कि यह विभागीय प्रावधान है, जो देनदारी झारखंड की बनती है वह केंद्र सरकार को देना होगा।

विधान सभा क्षेत्र में जमीनी स्तर पर विकास ही विकास दिखाई देगा: रबीन्द्रनाथ महतो

कुंडहित के खुदमल्लिका जोरिया में 4 करोड़ 14 लाख की लागत से उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण का विधान सभाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

जामताड़ा, राष्ट्र संवाद सं

कुंडहित के खुदमल्लिका जोरिया में 4 करोड़ 14 लाख की लागत से उच्च स्तरीय पुलिया का शिलान्यास स्थानीय विधायक सह विधान सभाध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधान सभाध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधा से लैस कर दिया, चाहे वो शिक्षा का हो, बिजली, सड़क या स्वास्थ का क्षेत्र हो। कहा ये पुलिया भी विधान सभा चुनाव से पहले का है, लेकिन कुछ तकनीकी के कारण विलंब हुआ। इस पुल के बनने से बंगाल से ग्रामीणों को

जुड़ना आसान होगा। ग्रामीणों को बंगाल का राजनगर, जयपुर, शाहबाद सहित अन्य जगह जाने में आसानी होगी। उन्होंने संवेदक को अच्छे तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों को भी कार्य के गुणवत्ता का ख्याल रखने को कहा। कहा विधान सभा क्षेत्र में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई देगा।

विधान सभाध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि उन्होंने कुंडहित में बिजली ग्रिड बनाया। फतेहपुर में मॉडर्न डिग्री कॉलेज बनाया। आज डिग्री कॉलेज में विज्ञान, कला, सहित इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की पढ़ाई की व्यवस्था है। दूर दराज के छात्र आज फतेहपुर में पढ़ाई के लिए पहुंच रहे हैं। कहा कुंडहित में महिला मॉडर्न डिग्री कॉलेज एवं बायपास सड़क का प्रस्ताव पारित होने के करीब है। बहुत जल्द कैबिनेट में स्वीकृति मिलेगी एवं कुंडहित के लोगों को बड़ी सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा कि काटना के शीला नदी में उच्च स्तरीय पुलिया बनाया गया, जिससे काटना, अमलादेही सहित बंगाल से जोड़ा गया। मौके पर शरम मंडल, निरोध सिंह, भोलानाथ रवानी, पूर्णिमा धर, बमभोला सिंह, संवेदक राबिन सिंह सहित अनेकों मौजूद थे।

एसपी ने किया बागडेहरी थाने का निरीक्षण, पब्लिक से की मुलाकात

कुंडहित, प्रतिनिधि राष्ट्र संवाद सं

जामताड़ा पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारिब ने शुक्रवार को बागडेहरी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने की तमाम गतिविधियों एवं अभिलेखो से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को लंबित मामलों से लेकर विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मुद्दे पर भी कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसका पूरा ध्यान रखने को कहा।इसके अलावा एसपी ने लंबित कांडो के शीध्र निष्पादन सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर डॉ. एहतेशाम वकारिब ने कहा कि बागडेहरी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकतर मामले संतोषजनक पाए गए वहीं कुछ मुद्दों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के लिए बागडेहरी पहुंचे जामताड़ा एसपी ने स्थानीय पब्लिक के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। एसपी डॉ वकारिब ने निमार्णाधीन थाना भवन का भी निरीक्षण किया। मौके पर एसडीपीओ मनोज कुमार महतो, इंस्पेक्टर मो॰ फारूक, थाना प्रभारी अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

काव्य रसिक संस्थान, झारखंड इकाई के बैनर तले आयोजित हुई गोष्ठी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

राँची-काव्य रसिक संस्थान, झारखंड इकाई !की काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।
शहीद दिवस की संध्या एवं बसंत पंचमी की पूर्व संध्या के उपलक्ष्य में गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता काव्य रसिक संस्थान के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम कुमार रसिक ने की। कार्यक्रम में काव्य रसिक संस्थान, झारखंड इकाई अध्यक्ष पंकज कुमार दास,मुख्य अतिथि डॉ मीना जैन, मुख्य अतिथि डॉ इंदु जैन शामिल थे।संचालन सुनीता अग्रवाल ने किया
अंत्रिका सिंह ने सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम में संजय हजारीबागी, सोनम झा, स्मिता ने

बेहतरीन काव्यपाठ किया।
संस्थापक डॉ राम कुमार रसिक के सुझावों, दिशानिर्देश एवं शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एक वर्ष से जल टंकी है खराब, ग्रामीणों को भारी पानी की किल्लत

फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं

फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खामारवाद पंचायत के तिलाकी गाँव में दो जल टंकी खराब पड़ा हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत 16 हजार लीटर जल क्षमता वाले 20 लाख की लागत से वर्ष 2021-22 में जल टंकी का निर्माण किया था। और एक लगभग 8 हजार लीटर जल टंकी भी खराब है। फिलहाल अभी इस गाँव में भारी पेयजल किल्लत का समाना करना पड़ रहा है। जल टंकी में 2 सोलर पैनल खराब होने के कारण पिछले लगभग 1 वर्ष से घरों में जल नहीं आ रहा है। ग्रामीण नल से पानी के इंतजार में हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी जल-नल योजना के तहत लोगों के घर-घर तक पानी पहुंचाने का उद्देश्य है। जिससे लोगों को पानी की कोई परेशानी ना हो इसके लिए जल टंकी का निर्माण किया था।लेकिन अभी भी इस जल टंकी हवा खा रही है।फ्लॉप साबित हो रहा है। क्योंकि खराब जल टंकी की वजह से लोगों के घरों में पानी नहीं आने से ग्रामीणों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। फिलहाल लगभग 80 घरों में जल टंकी खराब होने प्रभावित हो रही है। अधिकांश घरों में एक बूंद भी पानी नहीं निकलता है। जिससे ग्रामीण परेशान है।आज स्थिति यह है कि महिला के द्वारा बहूत दुर से पानी लाना पड़ रहा है। इस गाँव में करीब 80 घरों आबादी निवास करते है। सभी घरों में जल टंकी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध होता था। इसके बाद ही ग्रामीणों लोगों के दिनचर्या का कार्य करने में परेशानी नहीं उठानी पड़ती थी। लेकिन अभी ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 1 वर्ष से जल टंकी खराब हो गई है। लिहाजा पानी सप्लाई पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।जल टंकी में लगा 2 सोलर पैनल खराब होने के कारण घरों तक पानी सप्लाई बंद हो गया है।पानी टंकी विगत 1 वर्ष से खराब है।आम लोगों के समक्ष पानी संकट उत्पन्न हो गया है। इसी पिछले वर्ष अप्रैल-जून महीना में आँधी-तुफान के कारण 2 सोलर पैनल उड़ जाने से पानी सप्लाई बाधित है। आगे ग्रामीणों ने बताया कि एक-एक सोलर पैनल का लगभग वोल्टेज 320 है।

बंगाल में टमाटर की आड़ में हो रही थी तस्करी, आसनसोल पुलिस और कुल्टी थाना की बड़ी कामयाबी: 2 क्विंटल गांजा जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्र संवाददाता : ओम प्रकाश शर्मा

गुप्त सूचना पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

आसनसोल : आसानसोल दुगार्पुर पुलिस कमिश्नरेट के कुलटी थाना और आसानसोल गोयेंद विभाग (गुप्तचर विभाग) की संयुक्त कार्रवाई में 2 क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। इस मामले में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना कुलटी थाना क्षेत्र के डिसेरगढ़ इलाके की है, जहां पुलिस ने एक पिकअप वैन और एक कार को जब्त किया है।

टमाटर की आड़ में हो रही थी तस्करी, गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई

गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार शाम 6 बजे पुलिस ने डिसेरगढ़ के सुभाष सेतु के पास दो वाहनों को रोका। जब तलाशी ली गई तो पिकअप वैन में टमाटर की खेप के नीचे गांजा छिपाकर तस्करी की जा रही थी। वहीं, दूसरी कार से भी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया।

गांजा तस्करी का बड़ा नेटवर्क, जांच में जुटी पुलिस

दोनों वाहनों से कुल 2 क्विंटल गांजा बरामद किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहां ले जाया जा रहा था और इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। कुलटी थाना पुलिस और आसनसोल गोयेंद विभाग मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं। जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों पर भी शिकंजा कसा जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

मध्य विद्यालय सादीपुर की सेवानिवृत प्रभारी प्रधान शिक्षिका मिताली चटर्जी को दी गई भावभीनी विदाई

रानीश्वर(दुमका), राष्ट्र संवाद सं

शुक्रवार 31 जनवरी को मध्य विद्यालय सादीपुर की प्रभारी प्रधान शिक्षिका मिताली चटर्जी सेवानिवृत हो गईं अवसर पर विद्यालय परिवार एवं प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने समारोह आयोजित कर मिताली चटर्जी को भावभीनी विदाई दी। प्रखंड के विशिष्ठ नागरिक सह रघुनाथपुर हाई स्कूल के सेवानिवृत प्रधान अध्यापक निताई पद लायेक के अध्यक्षता में आयोजित समारोह में सेवानिवृत शिक्षिका सबिता सरकार, झारखंड आंदोलनकारी बिकास चंद्र दास, रजत कांति गोराई ने मिताली को शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया। कार्यक्रम में कुमिरदहा पंचायत के मुखिया खुदीराम मोहली, असीत लायेक, सादीपुर ग्राम सभा के पूर्व अध्यक्ष समीर घोषाल, धूर्जटी महातो, मुक्ति पद सेन, रानिबहाल मिडिल स्कूल के प्रधान शिक्षक रतन कुमार ओझा, कुमिरदहा स्कूल के शिक्षक प्रकाश चंद्र दास, रघुनाथपुर स्कूल के प्रभारी प्रधान शिक्षक बिश्वनाथ गोराई, हुसैन पुर स्कूल की पारा शिक्षिका बेसाखी चटर्जी, मीता लायेक, नंददुलाल लायेक, लक्ष्मण झा समेत कई मौजूद थे।

सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

रानीश्वर, राष्ट्र संवाद सं

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 के कार्यक्रम पदाधिकारी सह दुमका नोडल पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन शुक्रवार को रघुनाथपुर मोड़ पर जागरूकता अभियान चलायो इकाई 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रशांत पातर ने अभियान में सहयोग किया।

ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राप्त पत्र तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय मिश्रा के निदेर्शानुसार यह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम एक महीना तक चलो जिसमे शुक्रवार को स्वयं डॉ रूपम कुमारी तथा डॉ प्रशांत पातर ने पथिकों के बीच पोस्टर व प्रशासन द्वारा प्राप्त किताब बांटकर सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी उन्होंने वाहन चालकों को बताया कि ट्रेफिक सिंगल की बत्ती लाल होने पर पैदल यात्री सड़क पार करें, सावधानी बिना जीवन रक्षा अधूरा है।

मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में आयोजित परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न

रानीश्वर(दुमका), राष्ट्र संवाद सं

मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में शुक्रवार को आयोजित कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुईं प्रभारी प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक प्रोफेसर नव कुमार पाल ने परीक्षा का जायजा लियो ज्ञातव्य हो कि महाविद्यालय में सेम 3(2022-26) की परीक्षा में कुल विद्यार्थियों की संख्या 500 है जिसमे शुक्रवार को कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की परीक्षा हुई ह्न जिसमें ग्रुप उ से इतिहास, दर्शन एवं राजनिति शास्त्र की छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए ह्न जिसमें इतिहास में 31, दर्शन में 6, राजनीती शास्त्र मे 10 कुल 47 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रण प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल ने कहा कि परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई।

प्रज्ञा केंद्रों का निरीक्षण में मईया योजना के लाभुकों का उम्र में हेराफेरी पाया हैं

रानीश्वर दुमका, राष्ट्र संवाद सं

प्रखंड छेत्र में संचालित प्रज्ञा केंद्रों में लाभुकों का उम्र बड़ा कर अबैध रूप से सरकारी लाभ पंहुचाने की यहां चोक चौराहे पर खुलेआम चर्चा होती हैं ।प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा शुक्रवार रांगालिया , एवं बिलकांदी पंचायत के प्रज्ञा केंद्रों का निरीक्षण किया गया हैं ।जांच में रांगालिया पंचायत के प्रज्ञा केंद्र के निरीक्षण में दो ऐसे लाभुकों का आबेदन ने उम्र में हेराफेरी करने का मामला उजागर हुई हैं ।आबेदक का उम्र 18 बर्ष से कम हैं ,जिसकी आधार में छेड़छाड़ कर अबेदनो को ऑनलाइन एंट्री कर दिया हैं । एक महिला की दस्ताबेज लगाकर अन्य के नाम पर ऑनलाइन एंट्री किया गया हैं ।जिसका वीएलई इंद्रजीत मंडल हैं ।बिलकांदी पंचायत के प्रज्ञा केंद्र का निरीक्षण के क्रम में 27 लाभुकों का मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के2 आबेदन में एक लाभुक का दो अबेदन पत्र था ।

भागवत कथा के चौथे दिन कथा पांडाल में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं

श्रीमद भागवत सुनने का लाभ भी कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। यह भागवत कथा फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत खामारवाद पंचायत के कालूपहाड़ी गाँव बजरंगवली मंदिर परिसर में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के शुक्रवार चौथे दिन राम चरित्र मानस की कथा, चन्द्रवंश वर्णन तथा कृष्ण जन्म उत्सव विशेषतारपूर्वक को वर्णन किया। इसी दौरान वृंदावन धाम के कथा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कथावाचक

गोपाल नंदन महाराज ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि जब-जब भी धरती पर आसुरी शक्ति हावी हुईं,परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की।

म्यूटेशन के एवज में रिश्वत लेते अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार का वीडियो वायरल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मोहम्मदगंजः हैदरनगर थाना क्षेत्र के बलडिहरी गांव की रहने वाली विधवा ऐशुन बीबी से म्यूटेशन के एवज में रिश्वत लेते हुए मोहम्मदगंज अंचल राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार का वीडियो वायरल हो गया है।पीड़िता विधवा महिला थी और अधिकारियों के सामने गिड़गिड़ाती रही, लेकिन राजस्व निरीक्षक ने एक नहीं सुनी और म्यूटेशन करने के लिए 12 हजार रुपये की मांग की। महिला ने किसी तरह 10 हजार रुपये दिए, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है।यह पहली बार नहीं है जब इनका रिश्वत लेते वीडियो सामने आया है। पूर्व में भी ऐसा ही एक मामला उजागर हुआ था, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस बार भी सिर्फ ऐशुन बीबी ही नहीं, बल्कि अन्य सात मामलों में कुल 42 हजार रुपये की रिश्वत वसूली गई है।वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोग इस मामले को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस बार क्या कदम उठाता है या फिर मामला एक बार फिर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

टाटा स्टील फाउंडेशन ने वेस्ट बोकारो में पहला कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

वेस्ट बोकारो: दिव्यांगजन के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया, जिसमें उन्हें सहायक कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। यह पहल जयपुर स्थित प्रतिष्ठित संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (इटश्रर) के सहयोग से की गई, जो दिव्यांगजन के पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिविर में 16 दिव्यांगजन का व्यापक परीक्षण किया गया, जिसमें मेडिकल विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सहयोग दिया। परीक्षण के बाद, 11 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। यह शिविर राजेंद्र नगर, घाटोटांड स्थित रिक्रिएशन क्लब में आयोजित किया गया।

यह शिविर टाटा स्टील फाउंडेशन की पब्लिक हेल्थ टीम के अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा किए गए डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप आयोजित किया गया। इस सर्वे में रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड में 233 दिव्यांगजन की पहचान हुई, जिनमें से कई को कृत्रिम अंग या आजीविका सहायता की आवश्यकता थी। सर्वेक्षण के आधार पर फाउंडेशन ने दिव्यांगजन के सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आजीविका समर्थन, जागरूकता कार्यक्रम और उन्हें सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल की। वहीं, कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए विश्वसनीय और समान विचारधारा वाले संगठनों का सहयोग आवश्यक था, जिसके तहत यह शिविर आयोजित किया गया।

बीएमवीएसएस (इटश्रर), जयपुर के साथ लंबे समय से चले आ रहे सहयोग ने दिव्यांगजन के लिए कृत्रिम अंगों की बढ़ती जरूरत को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई। इसी का परिणाम वेस्ट बोकारो में आयोजित यह विशेष शिविर रहा, जहां पूरे दिन दिव्यांगजन को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। शिविर में लाभान्वित हुए दिव्यांगजन झारखंड के रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए थे, जिनमें बडगांव, बंजी, कर्मा, टोपा, बारुघुटू मिडिल, बोंगाबर, दूधमटिया, भरेच नगर, ओरला और सोनडीहा शामिल हैं।

दिल्ली चुनाव तक यहीं रहकर पार्टी के लिए काम करें: कांग्रेस महासचिव

झारखंड सरकार के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आज दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के महासचिव श्री के.सी. वेणुगोपाल जी से मुलाकात कर अपने स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान मंत्री जी ने विभागीय कार्यों, प्रगति और चुनौतियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि ये विभाग काफी बड़े हैं, लेकिन जनता को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए वे पूरी निष्ठा और परिश्रम से कार्य कर रहे हैं।

मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को अत्याधुनिक, सुचारु और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में विभाग में व्यापक सुधार देखने को मिल रहे हैं, जिससे झारखंड की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। राज्य के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए वे दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

इस मौके पर कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल जी ने मंत्री डॉ. अंसारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, जिसे बेहतरीन प्रदर्शन के साथ निभाना होगा। उन्होंने मंत्री जी के पिछले कार्यकाल में ग्रामीण कार्य विभाग में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और अपेक्षा जताई कि उसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ वे स्वास्थ्य, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं आपदा प्रबंधन विभागों में भी कार्य करेंगे।

वेणुगोपाल जी ने कहा कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग का कार्यक्षेत्र बहुत व्यापक है, और इसकी योजनाओं का लाभ राज्य के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक निर्बाध रूप से पहुंचाना आवश्यक है। कोई भी गरीब परिवार अनाज से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए मंत्री जी को प्रभावी योजनाएं लागू करनी होंगी। इसी तरह, आपदा प्रबंधन विभाग एक संवेदनशील और अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस विभाग को अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता मिल सके और उन्हें सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले। इस अवसर पर झारखंड के बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला जी भी उपस्थित थे। उन्होंने पूर्व में कांग्रेस पार्टी छोड़ने पर खेद प्रकट किया और माफी मांगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में वे कांग्रेस के साथ पूरी निष्ठा से जुड़े रहेंगे और दोबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे। वेणुगोपाल जी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है। उन्होंने उमाशंकर अकेला जी को सलाह दी कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे समर्पण से कार्य करें।

सदस्यता अभियान से जुड़े आम और खास का अभिनंदन और आभार : अमरप्रीत सिंह काले

राष्ट्र संवाद संवाददाता

अमरप्रीत सिंह काले जैसे समर्पित कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं - डॉ. राजीव कुमार

जिला सदस्यता प्रभारी व मंडल अध्यक्ष ने अमरप्रीत सिंह काले को दिलाई भाजपा की सक्रिय सदस्यता

काले ने अपने दो रेफरल कोड से 1510 नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा

जमशेदपुरः झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने आज साकची कालीमाटी रोड पर आयोजित सदस्यता अभियान में पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिला सदस्यता प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

अमरप्रीत सिंह काले ने अपने दो रेफरल कोड के माध्यम से 1510 नए सदस्यों को भाजपा से जोड़ा- जिनमें 1,000 सदस्य उनके व्यक्तिगत रेफरल से और 510 सदस्य कार्यालय के रेफरल से जुड़े। यह सदस्यता अभियान पार्टी को मजबूत करने और जनता के बीच भाजपा की विचारधारा को पहुंचाने का प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है।

उन्होंने इस अवसर पर पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि यह अभियान राज्य में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने व जनता के विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

डॉ. राजीव कुमार ने अमरप्रीत सिंह काले के समर्पण की सराहना करते हुए कहा, ह्लकाले जी ने न केवल अपनी सक्रिय सदस्यता ली, बल्कि अपने प्रयासों से हजारों नए कार्यकताओं को पार्टी से जोड़ा है। यह कार्यकर्ता-प्रेरित अभियान पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।ह्व

इस अवसर पर साकची पूर्वी मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह, रामकेवल मिश्रा, अखिलेश पांडे, पंकज वर्मा, जूगुन पांडे, प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, निर्मल दीक्षित, अंकित मोदी, रितिका श्रीवास्तव, डी मनी, सिमी कश्यप, अनूज मिश्रा सहित कई कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केमिकल डिजास्टर / गैस लिकेज से बचाव हेतु एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील द्वारा किया गया मॉक ड्रिल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार टाटा स्टील मेन गेट, साक्ची के पास केमिकल डिजास्टर/ गैस लिकेज से बचाव हेतु मॉक ड्रिल किया गया । मौके पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी श्री कुमार शिवाशीष, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे । एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं टाटा स्टील द्वारा संयुक्त रूप से किए गए इस मॉक ड्रिल में आपातकालीन स्थिति को नियंत्रित करने के तरीके, क्या करें, क्या न करें, पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान करना, ससमय अस्पताल पहुंचना आदि ड्रिल किया गया । एसडीएम धालभूम ने कहा कि मॉक ड्रिल से आपातकालीन स्थिति में कई लोगों की जान, संपत्ति और आसपास की सुरक्षा होगी। अभ्यास से ऐसी घटनाओं का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं । अभ्यास से मैन पावर, रिसोर्स में कितना गैप है इसका पता चलता है।

एनडीआरफ के पदाधिकारी ने केमिकल डिजास्टर और उसके फ्रेमवर्क तथा मॉक ड्रिल पर बताते हुए कहा कि यह भारत की एक विशेष टीम है जो आपदाओं से निपटने और उनके बाद के कामों को मैनेज करने के लिए काम करती है। यह प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए त्वरित, पर्याप्त, और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में माहिर है । जिला स्तरीय मॉक ड्रिल में सिखाया जाता है कि कैसे स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को बचाया जाए । केमिकल डिजास्टर और गैस लिकेज पर प्रभावी कार्रवाई तथा लोगों में जागरूकता लाने के लिए मॉक ड्रिल किया गया।

जमशेदपुर में बसंत पंचमी की धूम, प्रतिमा निर्माण जोरों पर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

शहर में बसंत पंचमी की तैयारियां जोरों पर हैं। मां सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, और बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शहर के विभिन्न इलाकों में मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि समय पर प्रतिमाएं तैयार हो सकें। बाजार में छोटे से बड़े हर तरह की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। प्रतिमाओं की कीमत ?100 से ?20,000 तक है, जिससे हर वर्ग के लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार मूर्ति खरीद सकते हैं।

कारीगरों की कड़ी मेहनत

स्थानीय कारीगर मां सरस्वती की प्रतिमाओं को आकर्षक बनाने में जुटे हुए हैं। कारीगरों के अनुसार, इस बार पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) और मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग अधिक है। रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य अंतिम चरण में है।

3 फरवरी को मनाई जाएगी बसंत पंचमी

इस साल बसंत पंचमी का पर्व 3 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाएगी। साथ ही, पंडालों में भी भव्य आयोजन किए जाएंगे।त्योहार को देखते हुए बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। मूर्ति विक्रेताओं के अनुसार, इस बार प्रतिमा की मांग में वृद्धि हुई है। पूजा सामग्री, परिधान और सजावट के सामान की बिक्री भी तेज हो गई है।

शैडो एरिया में मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन एवं संचार सारथी एप के प्रचार प्रसार के दिए निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उप महानिदेशक, दूर संचार मंत्रालय, भारत सरकार श्री अनिल कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में दूरसंचार समिति की बैठक आहूत की गई। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल, ग्रामीण एसपी श्री ऋषभ गर्ग समेत अन्य संबंधित बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिले के सुदूर दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या एवं मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर चर्चा की गई । उपायुक्त द्वारा बताया गया कि बीते विधानसभा चुनाव में शैडो एरिया की मैपिंग में 26 स्थान/ग्राम पंचायत चिन्हित किए गए थे जिसमें मोबाइल नेटवर्क समस्या से करीब 5000 की आबादी प्रभावित है । उन्होने पंचायती राज विभाग, निर्वाचन विभाग, वन विभाग एवं आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी को शैडो एरिया के संबंध में समेकित सूची समर्पित करने का निर्देश ताकि किसी स्थान को लेकर दोहराव नहीं हो तथा शैडो एरिया की वास्तविक पहचान हो सके । वन भूमि एवं अन्य स्थानों पर मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन को लेकर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को एनओसी ससमय निर्गत करने का निदेश दिया गया।

उप महानिदेशक, दूर संचार मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला आकांक्षी जिला के रूप में चिन्हित है तथा भारत सरकार आकांक्षी जिले में आधारभूत दूरसंचार संरचना के सतत विकास को लेकर प्रयासरत है । उन्होने बीएसएनएल एवं निजी कंपनी के प्रतिनिधियों को शैडो एरिया में मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया । साथ ही कहा कि दूरसंचार सुविधा मुहैया कराने के लिए मंत्रालय हर संभव मदद देने के लिए तत्पर है, जरूर है कि समस्याओं को चिन्हित कर कार्रवाई करें। उन्होने दूरसंचार विभाग द्वारा धोखाधड़ी पर नकेल कसने के लिए लॉन्च किए गए दूरसंचार सारथी एप को लेकर जागरूकता लाने की बात कही।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, सभी नगर निकायों के सहायक नगर आयुक्त, बीएसएनएल व अन्य निजी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आचार संहिता उल्लंघन मामले में दिनेश कुमार और रामदास सोरेन बरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चाईबासा स्थित MP-MLA विशेष न्यायालय ने पांच साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार और झारखंड के शिक्षा मंत्री सह पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन को बरी कर दिया। कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में यह फैसला सुनाया।

यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान सोनारी थाना में दर्ज कांड संख्या 52/2019 से जुड़ा था। उस समय रामदास सोरेन झामुमो के जिलाध्यक्ष थे और दिनेश कुमार भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। दोनों पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सरकारी खंभे और सरकारी भवनों पर पार्टी का झंडा और बैनर लगाने को लेकर मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई चाईबासा स्थित विशेष अदालत में चल रही थी, जहां 7 जून 2024 को आरोपों की व्याख्या की गई थी और आज दोनों को बरी कर दिया गया।इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। कोर्ट के इस फैसले के बाद दोनों नेताओं को बड़ी राहत मिली है। अधिवक्ता अंकुर चौधरी न्यायालय में बचाव पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे थें।

एस.डी.एस.एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस का 27वां वार्षिक खेल दिवस मनाया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

एस.डी.एस.एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस ने अपना 27वां वार्षिक खेल दिवस सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम, टेल्को में मनाया। स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल दिवस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी इस कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साहित थे। कार्यक्रम की शुरूआत छह परिवारों द्वारा मार्च-पास्ट के साथ हुई, स्कूल का झंडा फहराया गया और एस.डी.एस.एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस के अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह ने ज्योति प्रज्वलित करके और शुभंकर को उड़ाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रिंसिपल श्रीमती मौसमी दास भी मौजूद थीं। अध्यक्ष ने अपने भाषण में अभिभावकों और विद्यार्थियों का स्वागत किया और इस बात पर जोर दिया कि खेल जीवन जीने का एक तरीका है एसटीडी वीएल और वीएल के छात्रों ने एरोबिक योग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के बाद फ्लैट रेस और 4 ७ 100 मीटर रिले, लेट्स एन्जॉय मार्केटिंग, रेस टू ब्रिंग द कोन आदि जैसे कई खेल कार्यक्रम हुए।

छात्र उत्साहित थे और यह देखकर काफी खुशी हुई कि वे माउंटेन, फायर, सन, मून, ट्री और क्लाउड नामक विभिन्न परिवारों के बीच प्रतिस्पर्धा करने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए कितने उत्सुक और सच्चे थे। छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह एक मेगा इवेंट था और इसका समापन पुरस्कार समारोह से हुआ, जहां छात्रों को ट्रॉफी और मेडल दिए गए।

वार्षिक खेल दिवस के अंत में प्रिंसिपल, श्रीमती मौसमी दास ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ मार्च-पास्ट परिवार, रनर अप परिवार और विजेता परिवार श्रेणियों में ट्रॉफी प्रदान की। प्रिंसिपल, मौसमी दास ने 27वें वार्षिक खेल दिवस के समापन की घोषणा की।

सड़क सुरक्षा को लेकर क्रिकेट मैच का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
संजय कुमार

सरायकेला। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो और खेल पदाधिकारी अमित कुमार के संयुक्त प्रयास से एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में हिट एंड रन मामलों से निपटने और गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 की जानकारी दी गई। बताया गया कि दुर्घटना के ₹गोल्डन आवर₹ के दौरान पीड़ित की मदद करना बेहद महत्वपूर्ण है। इस पॉलिसी के तहत मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस या अस्पताल अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकते। साथ ही, दुर्घटना पीड़ित की सहायता करने वालों को ?2000 से ?5000 तक का इनाम और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने लोगों को हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर की चोटें जानलेवा होती हैं, जिनका इलाज संभव नहीं है। इसलिए वाहन चलाते समय या उसमें सवार होते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

इस अवसर पर मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन के कुंदन वर्मा, रोड इंजीनियर एनालिस्ट आशुतोष कुमार सिंह, आईटी सहायक घृत कुमार और अन्य टीम के सदस्य भी उपस्थित थे।

सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पांचवीं वर्षगांठ पर होने वाले श्रीराम कथा की तैयारी एवं सफलता हेतु बैठक शनिवार को, शामिल होंगे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में स्थापित भव्य श्रीराम मंदिर की पंचम वर्षगांठ पर आगामी फरवरी माह में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार, संध्या 6 बजे सूर्य मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक सुनिश्चित की गई है। इस बैठक में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कथावाचक चयन, आयोजन की रूपरेखा, दायित्व निर्धारण, महाभण्डारा एवं अन्य अनुष्ठानों पर विस्तारपूर्वक चर्चा होगी। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अपने मित्रों सहित बैठक में शामिल होकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें और श्रीराम कथा के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

जमशेदपुर के कुख्यात अपराधी को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के कुख्यात अपराधी अजय गोप को गुप्त सूचना के आधार पर सोनारी पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार अजय किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे हथियार के साथ गिरफ्तार किया अजय गोप के साथ उसका एक सहयोगी रितिक कुमार को गिरफ्तार किया है अजय गोप के ऊपर विभिन्न थानामें मामले दर्ज है अजय किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का फिराक में था समय रहते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया

सार-संक्षेप

मानगो सुभाष कॉलोनी में बंद पड़े अलमीरा से गायब हो गए लगभग दस रुपए के सोने के गहने और 25000 नगद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मानगो सुभाष कॉलोनी रोड नंबर 5 में किराए के मकान में रहने वाले उदय शंकर पांडे के घर में रखे अलमारी के दराज से लगभग दस लाख रुपए के सोने के जेवरात और पच्चीस हजार रुपए नगर चोरी हो गए । चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही उदय शंकर पांडे की धर्मपत्नी रिमझिम पांडे ने भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह को दूरभाष में चोरी की घटना की जानकारी दिया । सूचना मिलते ही विकास सिंह उदय शंकर पांडे की आवास पर पहुंचे आवास पर मौजूद उदय शंकर पांडे की धर्मपत्नी रिमझिम पांडे ने विकास सिंह को बताया की उदय शंकर पांडे जी की माता जी का निधन हो जाने की सूचना मिलने पर पूरा परिवार है बिहार के समस्तीपुर जाने के लिए तैयारी कर रहा था तैयारी के क्रम में घर में रखे हुए अलमीरा को खोला तो पूरा परिवार दंग रह गया अलमीरा के अंदर बने दराज में रखें लगभग दस लाख रुपए के सोने के गहने के साथ पच्चीस हजार रुपए नहीं थे। रिमझिम पांडे का कहना है कि शायद कोई जानकार व्यक्ति नहीं हाथ साफ किया है \ उलीडीह थाने में मामला दर्ज करवा कर कार्रवाई की मांग की गई ।

अपराध नियंत्रण के लिए एसएसपी ने बुलाई क्राइम मीटिंग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक, नगर ग्रामीण की उपस्थिति में शहरी ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक/थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में विगत लंबित कांड वारंट कुर्की का शीघ्र निष्पादन, पासपोर्ट,चरित्र सत्यापन की स्थिति, फिरार अभियुक्तो के विरूद्ध कार्रवाई, अवैध मादक- पदार्थो की खरीद बिक्री पर छापामारी, चोरी, आदि विषयों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा स्वच्छता अभियान के दौरान थाना प्रभारियों के द्वारा अपने झ अपने थाना परिसर की सफाई रखने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया ।

मऊभंडार से 50 से ज्यादा श्रद्धालु प्रयागराज के लिए रवाना

राष्ट्र संवाद संवाददाता

महाकुंभ में संगम स्नान को लेकर मऊभंडार से शुक्रवार को 50 से ज्यादा श्रद्धालु महिला-पुरुष व बच्चे प्रयागराज के लिए रवाना हुए। मऊभण्डार शिव मंदिर में विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना किया तथा मंगल यात्रा के लिए प्रार्थना किया। पुजारी निरंजन मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव, यूनियन अध्यक्ष बीएन सिंहदेव, महासचिव ओमप्रकाश सिंह, नरेन्द्र कुमार राय, संजय कुमार व ललन पांडेय ने नारियल फोड़ा तथा अपनी शुभकामनाओं के साथ बस को प्रयागराज के लिए रवाना किए। सांसद प्रतिनिधि और यूनियन नेताओं ने कहा की महाकुम्भ स्नान के लिए जो श्रद्धालु जा रहे है, सभी सौभाग्यशाली हैं। ईश्वर की कृपा से ही इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों की शुभकामना हैं। इस अवसर पर संजीव सिंह तोमर, मोहन दास, रामनाथ राय, नीरज छेत्री, पंसस विजय पांडेय, मुखिया निताई मुंडा, उप मुखिया रुपेश दूबे, दीपक सिंह, प्रदीप सिंह तोमर, अमिताभ दे, विजय दास, धारनी दास, सुधीर नायक, शांतनु नायक, शिवम शर्मा, प्रभाकर कुमार, विनोद सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पुजा समिति द्वारा भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी गई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पोटका : प्रखंड के हाता में स्थित सार्वजनिक श्री श्री दुर्गा पुजा समिति द्वारा भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला शुक्रवार को रखी गई .क्षेत्र के प्रसिद्ध पुरोहित बबलू भट्टाचार्य एवं बिनोद मिश्रा द्वारा पारंपरिक रीति के साथ भूमिपूजन के उपरांत मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया .मौके पर कमिटी के वरिष्ठ सदस्य हीरालाल दे एवं आनन्द पाल ने बताया कि हाता दुर्गा पुजा मैदान में विगत 62 वर्षों से माँ दुर्गा की पुजा अर्चना होती आ रही है इस वर्ष दुर्गा पूजा के उपरांत तमाम ग्रामीण एवं कमिटी के सदस्यों द्वारा यहां सर्वसम्मति से भव्य मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया गया जो आज से भूमिपूजन के साथ शुरू हुआ है .उन्होंने कहा कि तमाम ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा पुजा के पूर्व मंदिर निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है .इस अवसर पर उपेंद्र नाथ सरदार,अजित सरदार,गणेश सरदार,महेंद्र सिंह,बिनोद कर,मनी पाल,सुदीप मंडल, अमित मंडल, बच्चू दे,राकेश मिश्रा,सुजीत मंडल, गोपाल महतो,भानु राणा,मनोज राम,बबलू दे आदि उपस्थित थे.

महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक में शामिल हुई विधायक पूर्णिमा साहू, महिलाओं और बच्चों के कल्याण हेतु योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई विस्तृत चर्चा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड विधानसभा में महिला एवं बाल विकास समिति की विभागीय बैठक में विभाग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। शुक्रवार को आयोजित बैठक में महिलाओं और बच्चों के कल्याण हेतु योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आवश्यक सुधारों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सभापति कल्पना मुर्मू सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू शामिल हुई। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई और उनके प्रभाव को लेकर चर्चा की गई।

संपादक की कलम से

सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की तारीफ

देवानंद सिंह

शुक्रवार को संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले राष्ट्रपति ने अपना अभिभाषण दिया। राष्ट्रपति का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण होता है। भारत में संसद का बजट सत्र देश की राजनीति, आर्थिक स्थिति और सामाजिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर होता है। बजट सत्र से पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण न केवल सरकारी नीतियों और योजनाओं का खाका प्रस्तुत करता है, बल्कि यह देश की आर्थिक और राजनीतिक दिशा की भी स्पष्ट रूपरेखा तैयार करता है। यह अभिभाषण देशवासियों और राजनीतिक वर्ग के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है, जिसमें सरकार की प्राथमिकताओं और भविष्य के उद्देश्यों का खुलासा किया जाता है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए अभिभाषण में पूर्ण तरीके से इन तत्वों का समावेश देखने को मिला।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में न केवल सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया, बल्कि भारत की सामाजिक और आर्थिक प्रगति की दिशा को भी स्पष्ट किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत सरकार द्वारा किए गए प्रमुख प्रयासों को जिस तरह उजागर किया, उसने सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की तस्वीर को भी स्पष्ट किया। यानी सरकार का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, खासकर महिलाओं, किसानों, आदिवासियों और वंचित समुदायों के कल्याण को सुनिश्चित करना है। उन्होंने इसे जिस तरह भारत के ह्यअमृतकालह्ल के विकास यात्रा का प्रतीक बताया, वह सरकार द्वारा हर क्षेत्र में किए गए प्रयासों को अभूतपूर्व बनाता है। किसानों की स्थिति में सुधार के लिए भी कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को उन्नत प्रजातियां और प्राकृतिक खेती के लिए राष्ट्रीय मिशन का लाभ मिल रहा है, साथ ही एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) में वृद्धि और ह्लमिशन मौसमह्ल जैसी योजनाओं से उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इन पहलुओं से यह साबित होता है कि कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में सरकार गंभीर है, ताकि किसानों को बेहतर जीवनशैली प्राप्त हो सके।

राष्ट्रपति मुर्मू ने आदिवासी और जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए सरकार की योजनाओं का भी उल्लेख किया। ह्लधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्षह्ल अभियान और सिकल सेल एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए विशेष मिशन से आदिवासी समाज को लाभ हो रहा है। इसके अलावा, आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 770 एकलव्य विद्यालयों की स्थापना और 30 नए मेडिकल कॉलेजों की योजना आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

राष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था पर भी जोर दिया और यह विश्वास व्यक्त किया कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। सरकार ने डिजिटल ढांचे और बैंकिंग सुविधाओं में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे अब दूरदराज के इलाकों में भी लोग वित्तीय सेवाओं से जुड़ पा रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना जैसी योजनाओं के जरिए छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल पेमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भारत का योगदान तेजी से बढ़ रहा है, और ह्लइंडिया एआई मिशनह्ल जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत को एक वैश्विक नेता बनाने का लक्ष्य है। यह कदम न केवल भारत की डिजिटल ताकत को बढ़ा रहे हैं, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया। विशेष रूप से उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने से कश्मीर और कन्याकुमारी के बीच रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जो न केवल कनेक्टिविटी में सुधार लाएगी, बल्कि स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। इसके साथ ही, सरकार साइबर सुरक्षा को भी प्राथमिकता दे रही है, ताकि डिजिटल सेवाएं सुरक्षित और प्रभावी तरीके से नागरिकों तक पहुंच सकें।

राष्ट्रपति मुर्मू ने समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। खासकर, दलित, आदिवासी और अन्य वंचित वर्गों के लिए प्रधानमंत्री सूरज योजना और पीएम स्वनिधि योजना जैसी पहलें, जो सफाई कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही हैं, समाज के इस वर्ग के लिए अभूतपूर्व बदलाव का संकेत हैं। इन योजनाओं से यह साबित होता है कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए समावेशी विकास की दिशा में काम किया है।

कुल मिलाकर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण सरकार की नीतियों और योजनाओं का संपूर्ण चित्र प्रस्तुत करता है, जो न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में कार्य कर रही हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने की ओर भी बढ़ रही हैं।

महिलाओं, किसानों, आदिवासियों और वंचित समुदायों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, सरकार ने डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य भारत को न केवल एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली और सम्मानित शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना है।

क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?

ललित गर्ग

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है।

यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी

संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोजगार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मजदूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से खासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं।

बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। ह्लमेक इन इंडियाह्ल पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। ह्लगरीब कल्याण अन्न योजनाह्ल का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा।

यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां ह्यहर हाथ को कामह्ल का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक विकास दर से दौड़ने की अपेक्षा है। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निजी बचत को बढ़ाये बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं।

एक फरवरी को होने वाली आर्थिक घोषणाओं को चाहे जो नाम दिया जाये, उनसे वह दशा एवं दिशा स्पष्ट होनी चाहिए कि भविष्य के लिये हम कौनसी राह पकडने वाले हैं। हम किस तरह से आदिवासी समुदाय के उन्नयन के लिये प्रतिबद्ध होंगे। भारत की अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से हम किस तरह से मील का पत्थर साबित होंगे। किस तरह से समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था का जो नक्शा सामने आयेगा वह इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाला साबित होगा, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा। जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते है लेकिन मोदी सरकार के बजट राजनीति प्रेरित नहीं होकर राष्ट्र प्रेरित रहे है।

सामाजिक नैतिकता को दीमक सरीखा चाट रहा एकल परिवारों का चलन

प्रियंका सौरभ

एकल परिवारों के बढ़ते प्रभाव ने, जिसमें माता-पिता और बच्चों के छोटे परिवार शामिल हैं, अपने स्वयं के परिवार के समूह को काफी प्रेरित किया है, विशेष रूप से मूल्यों को विकसित करने में इसके पारंपरिक कार्य को। शहरीकरण, वित्तीय दबावों और व्यक्तिवादी जीवन शैली के माध्यम से प्रेरित इस बदलाव ने मूल्यों को हस्तांतरित करने के तरीके को बदल दिया है। जबकि एकल परिवार स्वतंत्रता और निजी विकास की अनुमति देते हैं, इसके अलावा उन्हें सांस्कृतिक, नैतिक और नैतिक मूल्यों को प्रसारित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो पहले विस्तारित स्वयं के परिवार के ढांचे के माध्यम से मजबूत होते थे। मूल्यों को विकसित करने के लिए एक संस्था के रूप में परिवार पर प्रभाव मूल्य संचरण में विस्तारित परिवार की भूमिका कम हो गई है। पारंपरिक संयुक्त परिवारों में, दादा-दादी, चाचा और चाची ने कहानी सुनाने, सलाह देने और बड़ों के लिए पहचान और नेटवर्क भावना जैसे सामूहिक मूल्यों को लागू करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एकल परिवारों के साथ, यह अंतर-पीढ़ीगत सम्बंध कमजोर हो गया है, जिससे बच्चों के विभिन्न दृष्टिकोणों के संपर्क में आने पर रोक लग गई है। कन्फ्यूशियस ने सद्गुण की पहली क्षमता के रूप में अपने परिवार के सदस्यों पर जोर दिया। बहु-पीढ़ीगत जीवन की गिरावट भी इस नैतिक शिक्षा को कमजोर कर सकती है। एकल परिवारों में, माता-पिता मूल्यों की आपूर्ति का पूरा बोझ उठाते हैं, नियमित रूप से पेशेवर प्रतिबद्धताओं के साथ इसे जोड़ते हैं। इससे समय की कमी या तनाव के कारण कमी आ सकती है। शहरी एकल परिवार सहानुभूति या धैर्य की कोचिंग पर शैक्षिक पूर्ति को प्राथमिकता दे सकते हैं, जिससे बच्चों में व्यक्तिवादी दृष्टिकोण पैदा होता है।

एकल परिवार स्वायत्तता, निर्णय लेने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जो वर्तमान सामाजिक मांगों के साथ संरेखित होते हैं। जॉन स्टुअर्ट मिल ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को व्यक्तिगत और सामाजिक प्रगति के लिए आवश्यक गुणों के रूप में महत्त्व दिया, जिसे एकल परिवार प्रभावी रूप से बेचते हैं। एकल परिवार अक्सर अपने परिवार की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे निस्संदेह सामूहिक मूल्यों जैसे कि साझा करना, त्याग करना और आपसी सहायता के प्रति जागरूकता कम हो जाती है, जो संयुक्त परिवार व्यवस्था के लिए आवश्यक थे। त्यौहार, जो कभी संयुक्त परिवारों में नेटवर्क और सांस्कृतिक बंधन को मजबूत करते थे, अब एकांत में मनाए जाने लगे हैं। जबकि पारंपरिक व्यवस्थाएँ कमजोर होती जा रही हैं, एकल परिवार शिक्षा के लिए स्कूलों, साथियों के समूहों और आभासी प्रणालियों पर अधिक से अधिक निर्भर होते जा रहे हैं।

हालाँकि, निजी सलाह की कमी से नैतिक विकास में भी कमी आ सकती है। एकल परिवारों में, एक से अधिक पदों के मॉडल की अनुपस्थिति बच्चों की कई गुणों को देखने और उनका अध्ययन करने की क्षमता को भी सीमित कर सकती है। एकल परिवारों के बढ़ते जोर ने मूल्यों को विकसित करने में परिवार की स्थिति को नया रूप दिया है। स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए, यह अक्सर विस्तारित परिवारों द्वारा प्रदान की गई सामूहिक जानकारी और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को कम करता है। इस अंतर को पाटने के लिए, एकल परिवारों को सुखद पालन-पोषण, नेटवर्क कनेक्शन को बढ़ावा देने और जिम्मेदारी से आधुनिक उपकरणों का लाभ उठाने पर जोर देते हुए सचेत रूप से अनुकूलन करना चाहिए। जैसा कि कन्फ्यूशियस ने कहा, ₹राज्य की ऊर्जा घर की अखंडता से प्राप्त होती है,₹ इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि परिवार, चाहे किसी भी संरचना में हों, नैतिक नागरिकों को आकार देने के लिए मूल्यवान बने रहते हैं। एकल परिवार-परिवार प्राइमेट मानव समाज की एक ₹जैविक₹ घटना है। यह मानव विकास के विकासवादी संग्रह में एक अनुकूली रूप नहीं है और न ही आर्थिक समाज की एक उपयोगी चीज है। बल्कि यह मानव समय और सामाजिक स्थान में लगभग प्रथागत है। इसका केंद्रक पति-पत्नी और माता-पिता-बच्चों की एक इकाई है। इसका सामान्य रूप अक्सर मृत्यु या परित्याग या संतान की हानि के कारण गलत हो जाता है, लेकिन इसका मॉडल रूप अधिकतम स्थिर होता है। सभी परिस्थितियों में परिवार के भीतर पति या पत्नी के बुजुर्ग माता-पिता और कभी-कभी अतिरिक्त दूरस्थ परिवार होने की प्रवृत्ति होती है, हालांकि वे अर्ध-बाहरी कारक किसी अन्य कारण से नहीं बल्कि आवश्यकता और पितृभक्ति से अधिक होते हैं। अलग-अलग सामाजिक परिस्थितियों में एकल परिवार ₹कुलों₹ , जातियों, गांवों और सार्वजनिक विनियमन के माध्यम से विभिन्न तरीकों का उपयोग करके बाहरी समाज में एकजुट होते हैं।

पश्चिमी समाज में परमाणु इकाई नैतिक प्रबंधन के लिए आध्यात्मिक नौकरशाही और शासन उद्देश्यों के लिए नागरिक विनियमन के लिए अधिक से अधिक कठिनाई बन गई है। रिश्तेदारों ने, प्रियजनों के अलावा, शक्ति खो दी है। इसने अपने स्वयं के परिवार को अत्यधिक नैतिकता के अपने पूर्व राज्य की तुलना में अधिक ₹तथ्यात्मक₹ बना दिया है। परिणामस्वरूप परमाणु परिवार कमजोर हो गया है क्योंकि यह काफी हद तक धर्म का संगठन है और अब मुकदमेबाजी और सार्वजनिक विनियमन की सहायता से बहुत अधिक नियंत्रणीय नहीं है। इसलिए यह पश्चिमी देशों में ठीक से नहीं चल रहा है, जिससे मौलिक प्राइमेट मूल्यों को आम तौर पर नुकसान होता है। यह परिवार निगमों के सुधार की ओर ले जाता है जो ₹सहजर नैतिक दबावों को फिर से तस्वीर में लाते हैं। परमाणु परिवार के परिवार का भाग्य, जिसे यहाँ ₹प्रतिक्रांति₹ कहा जाता है, संभवतः अगली पीढ़ी में रिश्तेदारों की सहायता से बढ़ती सहायता में से एक होगा।

सामाजिक ढांचे में इतना अधिक परिवर्तन आ चुका है कि अब लिव इन रिलेशनशिप और वैवाहिक मामलों में थोड़ा बहुत ही अंतर रह गया होगा जिसके परिणामस्वरूप महिलाएं और पुरुष वैवाहिक संबंधों में रुचि ना लेकर एकल रहने को वरीयता देने लगे हैं। गलती इसमें किसी भी परिजन कि ना होकर पश्चिमी मूल्यों को तरजीह दिए जाने की है। हम हिन्दुस्तानी अब ज़िम्मेदारियों को निभाने की तुलना में उस से अलग हो जाना बेहतर समझने लगे हैं।

अब पश्चिम में अपने ही परिवार के लोग कई पीढ़ियों के छोटे अंतराल पर चक्रीय रूप से स्थानांतरित होने की प्रवृत्ति रखते हैं। 55, 000 परिवारों का एक अध्ययन इस सुझाए गए उलटफेर को दर्शाता है।

डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा

मेष राशि-- सुखद अनुभव होगा आज
उच्च कोटि की सफलता मिलेगी आज आपको। आपको रोजगार में और व्यव बससाय में नौकरी में साथ ही साथ अब जहां भी अपना भाग्य आज भर रहे हैं हर जगह आज आपको सफलता मिलेगी आपका प्रभाव बढ़ेगा

२ वृष राशि --आपके रोजगार पर शुभ ग्रह का प्रत्यक्ष प्रभाव है आज आप कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जहां लोग आपको ठग सके। सफलता के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है

३ मिथुन राशि --सफलता के दृष्टिकोण से मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन पूर्णता मंगलमय है हर प्रकार से सफलता मिलेगी आपको यदि आप शिक्षा विभाग खेलकूद और प्रशासन से जुड़े हुए हैं तो आज का दिन बहुत सुंदर है

४ कर्क राशि --आज का दिन हर प्रकार से मंगलमय है आपका अपना कार्य अपना व्यक्तित्व अपना अच्छा स्वभाव आज आपको खूब साथ देगा थोड़ा सा आप जिद्दी स्वभाव पर नियंत्रण कीजिएगा

५ सिंह राशि -आज आप अपने काम की प्राथमिकता दीजिए आप अपनी चंचलता पर नियंत्रण कीजिए और सबसे पहले आज आप अपना आत्म बल बधाई अपने आप पर नियंत्रण कीजिए आपके अंदर में कहीं भी कमजोरी है दुर्बलता है या आपको लगता है कि मैं अच्छा नहीं कर सकता हूं तो यह गलत है आज आप सबसे अच्छा काम करेंगे

६ कन्या राशि -अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए अगर आपको नींद की समस्या है पेट की समस्या है पेशाब में जलन की समस्या है तो आज आप अपने स्वास्थ्य पर ध्यान रखें अपने कार्य की गति को आगे बधाई

७ तुला राशि --व्यवसाय और अर्थ उपार्जन पार्जन के लिए बहुत सुंदर दिन है। यदि आप बौद्धिक काम करते हैं या जमीन मकान किराना दुकान छोटे-छोटे गृह उद्योग या कल कारखाने का काम करते हैं तो आज का दिन आपके लिए बहुत सुंदर है

८ वृश्चिक राशि --हर प्रकार से सुंदर दिन है आज आपका आपको अपने दिखाए वाले स्वभाव पर नियंत्रण करना होगा और हर बात में आक्रामक तेवर ठीक नहीं है थोड़ा सा मीठा बनिए सरस बलिए अपने स्वभाव पर नियंत्रण रखियेगा

९ धनु राशि --आपकी राशि पर आज तीन-तीन शुभ ग्रह का प्रभाव है यदि आप आज थोड़ा सा जागरुक होकर रहते हैं तो जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाएगा आपकी असफलता सफलता में बदलती रहेगी आपकी आमदनी बढ़ती रहेगी

मकर राशि --आपकी राशि पर आज पुरुष ग्रह का प्रभाव है आपका दिन आज बहुत सुंदर भेजेगा आप जहां भी जाएंगे लोग आपको सम्मान के दृष्टि से देखेंगे आपको कार्य भार मिलेगा आप जहां ऑफिस में काम कर रहे हैं जहां आप अपने ऑफिस के हेड हैं अपने घर के हेड हैं तो आज थोड़ी सी सावधानी रखिएगा

११ कुम्भ राशि --आपका दिन आज आरंभ से ही अच्छा होगा सरनेम प्रभा टी सरनेम सफलता दिन का आरंभ अच्छी सफलता से अच्छी सूचना से दिन का अंत अच्छी सफलता अच्छी सूचना से इस बीच आप कहीं भी आक्रामक तेवर का प्रयोग मत कीजिएगा

१२मीन राशि --आपकी राशि पर आज सूर्य भगवान का प्रत्यक्ष प्रभाव है आपका प्रताप बढ़ेगा आपके अंदर का आलस्य दूर होगा आज आपका अहंकार आज आपसे क्वेश्चन दूर रहेगा आप जहां भी रहिए आपको अच्छे लोगों से परिचय होगा

डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503

उपायुक्त कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के संयुक्त अध्यक्षता में NCORD की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर के संयुक्त अध्यक्षता में एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), पोड़ाहाट-चक्रधरपुर/जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक-मुख्यालय, सदर/मुफ्फसिल थाना प्रभारी सहित अन्य सलंग्न पदाधिकारी की उपस्थिति मेंNCORD(नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर) की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा विगत बैठक की कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। बैठक में मादक पदार्थ की खेती के लिए उपयोग की जा रही भूमि जैसे- वनक्षेत्र, रैयत, गैरमजरुआ आदि को चिन्हित कर वहां मौजूद मादक पदार्थ के फसल को विनष्ट करने तथा मादक पदार्थ की खेती में संलिप्त लोगों को प्रखंड/थाना स्तर पर चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने एवं कृत कार्रवाई से जिला कार्यालय

को अवगत कराते हुए प्राथमिकि दर्ज करने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही मादक पदार्थ के सेवन के दुष्प्रभाव के बारे में आमजन के बीच जन जागरूकता फैलाने के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय, जेएसएलपीएस, जिला समाज कल्याण, विद्यालय, जन वितरण प्रणाली के डीलर आदि के माध्यम से वृहद स्तर पर संदेश भी प्रसारित करवाया जाए।
बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा गया कि मादक पदार्थ की अवैध खेती से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मादक फसल को 14 फरवरी 2025 तक विनष्ट कर समेकित प्रतिवेदन जिला कार्यालय को आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाया जाए। इसके साथ ही अवैध फसलों की खेती के विरुद्ध क्षेत्र में सतत निगरानी रखने तथा प्रत्येक माह की जा रही कार्रवाई का प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मादक पदार्थ के उत्पादन को रोकने के लिए स्थानिक मानव संसाधन से समन्वय स्थापित कर संलग्न जमीन पर खेती-बाड़ी, पौधारोपण, बागवानी करने के लिए लोगों को प्रेरित करने का कार्य भी प्राथमिकता के तौर पर किया जाए।

अवैध अफीम की खेती में शामिल चार युवा किसान गिरफ्तार,16 अफीम के पौधे बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला पुलिस ने कुचाई थाना क्षेत्र से अवैध अफीम की खेती में शामिल चार युवा किसानों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है. पुलिस ने इनके खेतों से 16 अफीम के पौधे बरामद किए हैं. पुलिस की गिरफ्त में आए अवैध अफीम की खेती करते किसानों में कुचाई थाना अंतर्गत दलभंगा ओपी के मेरोमगंजा निवासी 25 वर्षीय सुखराम मुंडा, 27 वर्षीय बुधराम मुंडा, कुदादीह निवासी सोना पातर और जामदीह निवासी 25 वर्षीय दीपू प्राधन शामिल हैं. शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि लगातार जागरूकता अभियान और विनष्टीकरण के बाद अब गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया

है. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दलभंगा ओपी अंतर्गत मेरोमगंजा गांव के समीप अगल-बगल के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती की गई है. इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापेमारी दल का गठन किया गया. गठित छापेमारी दल द्वारा मेरोमजंगा गांव में कुल 3.70 एकड़ जमीन में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया. इसी दौरान कुल चार लोगों को विधिवत गिरफ्तार किया गया. बता दें कि इस साल अबतक कुल छः किसानों को अवैध अफीम की खेती के मामले में गिरफ्तार किया है. मालूम हो कि जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायल के निर्देशन में अवैध अफीम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस ने एक फसलीय वर्ष में 80 फीसदी जमीन पर लगे अफीम की खेती को विनष्ट करने में सफलता हासिल की है. एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया कि इस साल अबतक कुल 317 एकड़ जमीन में हो रहे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया है.

'रन का रोड सेफ्टी' के साथ संपन्न हुआ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2025

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2025 का शुक्रवार को रन फॉर रोड सेफ्टी के साथ समापन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त रविशंकर शुक्ला शामिल हुए. और स्कूली बच्चों संग दौड़ लगाते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया. हालांकि इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही भी देखने को मिली जहां नो एंट्री लगे होने के बाद भी सड़कों पर भारी वाहन फरार्टे मारते हुए दौड़ती रही. इस दौरान पूरे मार्ग में कहीं भी न तो ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रही न ही स्थानीय पुलिस मौजूद रही, जबकि इस दौड़ में जिले के तमाम अलाधकारी मौजूद रहे. वैसे गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ और सफलतापूर्वक राष्ट्रीय

सड़क सुरक्षा माह का समापन हो गया. वैसे इस महीने जिले की सड़कों पर हादसे का दौर कम नहीं हुए. रन फॉर रोड सेफ्टी का शुभारंभ गेस्ट हाउस मैदान से शुरू होकर भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई. इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ अधिकारियों ने सरायकेला-चाईबासा मुख्य सड़क पर करीब पांच किलोमीटर की दौड़ लगाई और लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया. उपायुक्त ने बच्चों को सड़क सुरक्षा का एंबेसडर बताते हुए कहा कि सभी बच्चे अपने अभिभावक और समाज के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें. दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने को लेकर जागरूक करें. उन्होंने बच्चों को 18 वर्ष पूरे होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाने का निर्देश दिया. साथ ही नशा पान कर वाहन नहीं चलाने का संदेश दिया.

सूचना भवन चाईबासा में कलाकृतियों की प्रदर्शनी का किया गया है आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पुराने समाहरणालय परिसर अवस्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के प्रथम कच्छ पर अभिभाजित बिहार के समय के अनुपयोगी ध्वनि उपकरण, मशीन उपकरण से संबंधित विभिन्न कलाकृतियां को तैयार कर उसका प्रदर्शनी सूचना भवन में लगाया गया है।
जिसका अवधि को विस्तारित करते हुए दिनांक 08.02.2025 तक कार्यालय समय पूर्वाहन 11:00 से अपराह्न 6:00 तक आम लोगों के अवलोकन हेतु लगाया गया हैं।
प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गये सभी

सामग्री का निर्माण जनसंपर्क विभाग के आजादी के पूर्व से भी अनुपयोगी रेडियो, चोंगा, एमप्लीफायर, मिक्सर मशीन, बैटरी चार्जर, श्उफ, रॉड, चैन, चम्मच, माइक स्टैंड, टाईपराइटर, स्पीकर, वढर, स्टेबलाइजर, प्रोजेक्टर, स्पीकर बॉक्स, चोंगा हैंगर, टेप रिकॉर्डर सहित अन्य सामग्रियों से सुंदर-सुंदर कलाकृतियों का निर्माण किया गया है। जिसका अवलोकन आम नागरिकों के द्वारा किया जा सकता है।
आज प्रदर्शनी का अलोकन महिला कॉलेज चाईबासा के इ.एिके छात्राओं और शिक्षक के द्वारा किया गया मौके पर छात्राओं के द्वारा कलाकृतियों के अवलोकन के उपरांत कहा गया कि कबाड़ की वस्तुओं से इतनी सुंदर-सुंदर कलाकृतियों का निर्माण किया जा सकता है इसे देखकर हम आश्चर्यचकित है साथ ही साथ उन्होंने ऐतिहासिक धरोहर को भी देखकर बहुत कुछ सीखा और कहा कि हम भी वेस्ट मेटेरियल को प्रयोग में लाकर कुछ- कुछ कलाकृतियों का भी निर्माण कर सकते हैं

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पश्चिमी सिंहभूम आगमन पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पश्चिमी सिंहभूम जिला आगमन पर परिसदन-चाईबासा में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर के द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री श्री सोरेन के द्वारा वरीय पदाधिकारी के साथ शिक्षा विभाग अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं से संबंधित विविध मुद्दों पर क्रमशः चर्चा किया गया। तदुपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक व अन्य की मौजूदगी में विभाग से क्रियान्वित पृथक योजना से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन का समीक्षा भी किया गया।

विद्यालय के बच्चों और अभिभावकों के साथ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

गम्हरिया।विद्या भारती उच्च विद्यालय, गम्हरिया में योग वेदांत सेवा समिति की ओर से विद्यालय के बच्चों और अभिभावकों के साथ मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा अपने- अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उनसे आशीष लिया गया। इस दौरान बच्चों ने सर्वप्रथम अपने- अपने माता-पिता का तिलक कर उन्हें माला पहनाया और उनका मुंह मीठा करवाया। तत्पश्चात उनकी आरती उतारकर व चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। साथ ही, सुबह उठकर अपने माता पिता का चरण

छूकर अपने दिन की शुरूआत करने और गुरुजनों का सम्मान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर योग वेदांत सेवा समिति के अभय बेहरा और पुष्पा झा ने इस कार्यक्रम के महत्व के बावत बच्चो को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष सुधांशु सरकार, सचिव हिमांशु सरकार, प्रधानाचार्य दिनेश जोशी, राधा पॉल, चंद्रशेखर कुमार, जयंती नायक, रंजीता कुमारी समेत समस्त शिक्षक व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

42 सालों से सरकारी सुविधा से मरहूम है सिद्धू कान्हु मेमोरियल स्कूल के आदिवासी बच्चे, स्थायी प्रस्वीकृति नहीं मिलने से निजी खर्चे से शिक्षा की जला रहे है लौ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा : नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटे एक ऐसा विद्यालय है जहां सरकारी सुविधा से मरहूम है 200 आदिवासियों छात्र छात्राएं। जिसका नाम तो शहीदों के नाम पर रखा गया है लेकिन इस स्कूल को गांव के स्कूल के बच्चों के चंदे से बीते 42 स्कूल चलता आ रहा है व इसी एकत्रित राशि से शिक्षकों का पेमेंट होता है। जिसका नाम है सिद्धू कान्हु मेमोरियल हाई स्कूल। जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय से महज 10 किलो सुंदरनगर _ जादूगोड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित केड़ो गांव में 1982 में ग्रामीणों ने

जमीन दान कर स्कूल की नींव रखी,उस वक्त भावना यह कि आदिवासियों बहुल इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगे, लेकिन 42 सालों बाद भी इस विद्यालय को स्थायी प्रस्वीकृति नहीं मिलने से सरकारी वित्त सहायता के अभाव में इसकी शिक्षा की लौ बुझाने लगी है। विद्यालय की छात्राएं प्रेमा हांसदा कहती है यह विधालय वित्त रहित होने की वजह से सायकिल, ड्रेस ,मध्याह्न भोजन, समेत छात्रवृति से वंचित है। ऐसे में बच्चों ने हेमंत सरकार से स्कूली बच्चों को सरकारी सुविधा समेत शिक्षकों को मानदेय चालू करने की मांग उठाई है ताकि शिक्षकों को भूखे पेट काम नहीं करना पड़े। विद्यालय के प्राचार्य बनवारी दास जयति मुंडा दुलू राम सरदार कहते है कि इस क्षेत्र के आस पास बारहवीं कक्षा तक पहुंचने के लिए कोई स्कूल नहीं था तब इस स्कूल की नींव आज से 42 साल पूर्व रखी गई।
कई सरकार आई व गई ,लेकिन इस वित्त रहित विद्यालय की वित्तीय सहायता दिलाने में विधायक व सांसद ने कभी ध्यान नहीं दिया। स्थिति यह यह कि बिना वेतन के ही शिक्षक अपनी सेवा देने को विवश है, जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं हैं। बहर हाल देखना यह है शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन की नजरे कब इस स्कूल पर पड़ती है व विधालय का काया कल्प होता है, यह गौर करने वाली बात होगी।

यूसिल की जादूगोड़ा माइंस डिविजन में विद्या शर्मा समेत 25 कंपनी कर्मी हुए सेवानिवृत , दी गई विदाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा :यूसिल की जादूगोड़ा माइंस डिविजन में आज जनवरी के अंतिम दिन विद्या शर्मा समेत कुल 25 कंपनी कर्मी सेवानिवृत हो गए। मुख्य कार्यक्रम जादूगोड़ा माइंस डिविजन के मैकेनिकल विभाग में आयोजित की गई जहा कंपनी कर्मी विद्या शर्मा को विभागीय अधिकारियों ने भाव भीनी विदाई दी गई। इस मौके पर माइंस मैकेनिकल विभाग में

समारोह आयोजित की गई जहा विभागाध्यक्ष राजेश प्रसाद, आर के मोदी, एस के मंडल,भास्कर मुर्मू, एस एन पातरे, भोला महतो,लखन मुर्मू समेत अन्य लोगों ने विद्या शर्मा के 28 साल के कार्यकाल की सराहना की व आगे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके ओर लखन मुर्मू, विश्वनाथ मुर्मू, अजीत सरदार, विकास झा, छाकु सोरेन, दामोदर पूर्ति, चैतन्य हांसदा, सुकेश रजक ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त नरवा पहाड़ से एस एन महतो व तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से मग्दो दिग्गी समेत कुल 25 कंपनी कर्मी यूसिल से सेवानिवृत हुए।

संत जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल में हुआ 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मुसाबनी संवाददाता। संत जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल में शुक्रवार को 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सबसे पहले प्रिंसिपल सिस्टर फ्रांसिस्का, सुपीरियर सिस्टर अरुल मेरी, प्राइमरी कक्षा की प्रिंसिपल सिस्टर जेनेट, मौभण्डार ब्रांच की सिस्टर शालिनी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस विदाई समारोह में

12वीं कक्षा के 67 छात्र-छात्राओं जिसमें साइंस के 39 एवं कॉमर्स के 28 छात्र-छात्राओं को कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। जिसमें मुख्य रूप से डांस एवं म्यूजिक के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही स्पीच एवं क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में आकर्षक परिधान पहनकर सभी छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक किया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम में मिस्टर संत जोसेफ ईशान बरला एवं मिस्टर संत जोसेफ रूपा पन्ना को चुना गया। वहीं मास्टर पर्सनालिटी यशराज देवगन और मिस ग्रेसफुल खुशी महतो को चुना गया।
इस अवसर पर सिस्टर फ्रांसिस्का ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया, एवं उन्हें कहा कि आप सब अपने जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। संत जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल से अपने जो सीखा है उसे जीवन में हमेशा याद रखें। मन लगाकर 12वीं की परीक्षा में सफलता हासिल करें। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा मोमेंटो भेंट किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 12वीं कक्षा की शिक्षिका आशिता आश्रिता भद्रो, मिताली नाथ का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम को हिंडोल चटर्जी विद्यालय के हेड बॉय अनमोल मुर्मू, हेड गर्ल अनामिका मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

सार-संक्षेप

कपाली पुलिस ने शब्बीर हत्याकांड मामले का किया खुलासा ,पांच गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला- खरसावां जिला के कपाली ओपी अंतर्गत रामू चौक के समीप बीते मंगलवार को गौसनगर फुटबॉल मैदान निवासी शब्बीर आलम को कुछ युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था. जिसकी एमजीएम अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई थी. उधर आक्रोशित परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को कपाली ओपी का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया था. इधर घटना के 48 घंटे बाद ही पुलिस ने मामले से जुड़े पांच अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों में सलामत अंसारी उर्फ आर्यन, फरहान अली, गुलाम खान उर्फ तन्नी, इस्तामुल मल्लिक और अरबाज खान उर्फ बाजू शामिल हैं. इसकी जानकारी शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चांडिल सर्किल इंस्पेक्टर अजय कुमार तिवारी ने दी. उन्होंने बताया की गिरफ्त में आए फरहान अली का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है. पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल फोन और चाकू जप्त किया है. वहीं सर्किल इंस्पेक्टर ने बताया कि शव के साथ थाने पर प्रदर्शन कर घेराव करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है. उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

एक्सआईटीई गम्हरिया में थर्ड लिंग जागरुकता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

गम्हरिया।एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में समावेशिता और समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'थर्ड जेंडर को समझना' विषय पर एक दिवसीय लिंग संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय द्वारा सामना किए जाने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और विविधता के लिए सम्मान को प्रोत्साहित करने के बावत बताया गया। इस कार्यशाला में सखी संस्था के संस्थापक सह सचिव अमरजीत सिंह, महंत हिमांशी पाधन, द हुमसफर ट्रस्ट, मुंबई के अध्यक्ष अर्पित पांडे के अलावा श्री निलोफर, अंशु गोयल आदि वक्ता उपस्थित थे जिन्होंने उक्त विषय पर कई महत्वपूर्ण जानकारियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इन वक्ताओं ने लिंग द्विआधारी को समझने से लेकर सभी के लिए एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण बनाने तक विभिन्न विषयों पर अपने अंतर्दृष्टि साझा किया। इस मौके पर उपस्थित संस्थान के उप प्राचार्य डॉ0 फादर मुक्ति क्लेरेंस एसजे, सहायक प्रो0 सुष्मिता चौधरी सेन, प्रो0 डॉ0 स्वाति सिंह, प्रो0 रीतिका सिंह, प्रो0 अंजलि झा, प्रो0 निधि कुमारी, ब्रांडिंग और संचार प्रमुख आशीष सिंह ने भी पूर्वाग्रहों को तोड़ने, सर्वनाम की अवधारणा को समझने और सहयोग को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में एलजीबीटीक्यू प्लस अधिकारों की कानूनी यात्रा का अन्वेषण किया, जिसमें नवतेज सिंह जौहर मामले और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 2019 जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल थे। इस कार्यशाला में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

आवंटन के अनुसार डीलर ने लोगों के बीच किया खदान का वितरण

राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना

चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत मेरमेरा गांव के राशन डीलर सारथी प्रधान द्वारा आवंटन के अनुसार लोगों के बीच अनाज का वितरण किया. इस संबंध में शुक्रवार को अनाज प्राप्त किया लाभक राशन दुकान पहुंचकर डीलर के पक्ष में खड़ा हुआ. इस दौरान लाभुकों ने कहा कि लगातार तीन से चार दिन दुकान खोलकर राशन डीलर द्वारा जनवरी माह का अनाज वितरण किया गया. इस संबंध में राशन डीलर सारथी प्रधान ने कहा कि 413 कार्डधारी मेरे पास थे. उनमें से 212 कार्डधारी अपना राशन डीलर को बदलने के लिए जिला में आवेदन किया था. जिसके कारण उन सभी कार्डधारियों का नाम मेरे पोश मशीन से हट गया है. जिससे जनवरी माह का 28 कुंटल अनाज आवंटन हुआ था. जिसके तहत पीएच 201, अंत्योदय 57 व ग्रीन कार्ड 7 के बीच 28 कुंटल अनाज का वितरण किया गया. जिसका रिकॉर्ड मेरा पोश मशीन में अंकित है. इस मौके पर काफी संख्या में कार्डधारी मौजूद थे.

टायो कॉलोनी में हुए हादसे के पांचवें दिनों उपायुक्त के निर्देश पर गम्हरिया सीओ अरविंद कुमार बेदिया टायो कॉलोनी पहुंचे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला:सरायकेला खरसावां जिला के गम्हरिया स्थित टायो कॉलोनी में हुए हादसे के पांचवें दिनों उपायुक्त के निर्देश पर गम्हरिया सीओ अरविंद कुमार बेदिया टायो कॉलोनी पहुंचे और टाटा द्वारा प्रभावितों को आवंटित फ्लैटों का मुआयना कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए. इस दौरान टाटा के अधिकारी और प्रभावित भी मौजूद रहे. मालूम हो कि बीते सोमवार को टायो कर्मियों के कुल 17 फ्लैट जमींदोज हो गए थे. जिससे वे खुले आसमान में रहने को मजबूर थे.

आरजी कर पीड़िता के माता-पिता ने राज्यपाल से की मुलाकात, न्याय की मांग को लेकर राष्ट्रपति को लिखेंगे पत्र

कोलकाता,एजेंसी।

मृतक आरजी कर अस्पताल के डॉक्टर के माता-पिता ने गुरुवार को कहा कि वे मामले में न्याय की मांग को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखेंगे। राष्ट्रपति को पत्र लिखने का उनका फैसला गुरुवार शाम को राजभवन में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के साथ बैठक के बाद आया।

राष्ट्रपति से बात करेंगे राज्यपाल बोस: मृतक डॉक्टर की मां ने बैठक के बाद कहा, %हम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एक ईमेल भेजेंगे। अगर वह हमें मिलने का समय देती हैं, तो हम न्याय की मांग के लिए उनसे जरूर मिलेंगे।% वहीं राज्यपाल बोस के साथ अपनी चर्चा के बारे में उन्होंने कहा, %हमारे पास कई सवाल थे, और उन्होंने हमारी बात सुनी। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि वह राष्ट्रपति से बात करेंगे और हमें उन्हें पत्र लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। हमने उन्हें सीबीआई जांच के संबंध में एक पत्र दिया है और उन्होंने हमें मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है।%

मुझे उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा- परिजन: पीड़िता के पिता ने कहा कि राज्यपाल बोस ने अपना ईमेल पता साझा किया और मामले से संबंधित प्रासंगिक दस्तावेज भेजने को कहा। उन्होंने कहा, %मुझे उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा।% उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्यपाल बोस को सीबीआई जांच के बारे में अपनी शिकायतों का विवरण देते हुए एक पत्र भी दिया है।

सुकांत मजूमदार ने पीड़िता के माता-पिता से की मुलाकात: इससे पहले दिन में, भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने माता-पिता से मुलाकात की और उन्हें सीबीआई के खिलाफ उनकी शिकायतों को %उचित अधिकारियों% तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री ने कोलकाता के बाहरी इलाके सोदेपुर में उनके आवास पर शोक संतप्त माता-पिता से मुलाकात की। माता-पिता ने मामले में सीबीआई की जांच के बारे में अपनी शिकायतों के बारे में केंद्रीय मंत्री को एक समान पत्र भी दिया था। वहीं बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सुकांत मजूमदार ने कहा, %माता-पिता लगातार टीएमसी नेताओं के हमले का सामना कर रहे हैं, जिन्होंने राज्य प्रशासन के खिलाफ सवाल उठाते हुए अपमानजनक बयान दिए और न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखी। मैंने उन्हें बिना किसी डर के अपना संघर्ष जारी रखने का आश्वासन दिया है। सुकांत मजूमदार ने कहा, %उन्होंने विशेष रूप से एक सीबीआई अधिकारी के बारे में चिंता जताई है, जिसमें जांच में अपर्याप्त प्रयासों का आरोप लगाया गया है।% पीड़िता के पिता ने कहा कि परिवार ने सुकांत मजूमदार से इस बात पर चर्चा की कि न्याय के लिए अपनी लड़ाई को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

9 अगस्त, 2024 को आरजी कर में वारदात: 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इस मामले में संजय रॉय नामक एक नागरिक की सजा सुनाई।

फोन टैपिंग मामले में दो को जमानत; लंबे समय से जेल में होने और मुकदमे में देरी बनी आधार

हैदराबाद,एजेंसी।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार दो लोगों को जमानत दे दी है। अदालत ने बताया कि याचिकाकर्ता लंबे समय से जेल में है और मुकदमा शुरू होने में देरी की भी संभावना है। निलंबित पूर्व पुलिस उपायुक्त पी राधा किशन राव और भुजंगा राव को पिछले साल इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार को दोनों को जमानत पर छोड़ दिया गया। लोक अभियोजक न् हाईकोर्ट को एक सीलबंद लिफाफा सौंपा और बताया कि जांच के दौरान उन्हें न्यायाधीशों के बारे में कुछ जानकारी के साथ आरोपी का निजी कंप्यूटर मिला।

अदालत ने आरोपियों को जमानत की शर्तों के तहत एक लाख रुपये के बॉन्ड और अपना पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया। अदालत ने उन्हें जांच के सिलसिले में आठ सप्ताह की अवधि के लिए प्रत्येक सोमवार को सुबह 11 बजे संबंधित स्टेशन हाउस अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया है।

एसआईबी के एक निलंबित डीएसपी समेत चार पुलिस अधिकारियों को विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से खुफिया जानकारी मिटाने के आरोप में हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया था। फोन टैपिंग मामला पिछले बीआरएस सासन के दौरान हुई थी। विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व प्रमुख और एक अन्य आरोपी भी फरार है। उनके अमेरिका में होने की आशंका है। निलंबित डीएसपी और उनकी टीम ने सैकड़ों लोगों की प्रोफाइल विकसित की और कई अन्य लोगों के फोन कॉल इंटरसेप्ट किए। मामले में आरोपियों ने कुछ राजनीतिक नेताओं, एक हाईकोर्ट के न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्यों और अन्य के फोन निगरानी में रखे हैं।

अजीत सिंह के सरकारी आवास को खाली कराए जाने के विरोध में सोनिया विहार रेगुलेटर पर किया था प्रदर्शन

गाजियाबाद,एजेंसी।

रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह के दिल्ली स्थित सरकारी आवास को खाली कराए जाने के विरोध में हुए हंगामे के आरोपी बागपत विधायक योगेश धामा और भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत कई रालोद नेताओं ने गुरुवार को एमपी - एमएलए अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने सभी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। इस मामले में कुछ दिन पूर्व कोर्ट से 16 आरोपियों को भी जमानत मिल चुकी है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 18 सितंबर 2014 को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह की दिल्ली स्थित सरकारी कोठी ख़ाली करा दी गई थी। इसके विरोध में मुरादनगर सोनिया विहार रेगुलेटर पर रालोद व किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं व जाट समाज के लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। जिसमें पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े व रबर बुलेट का भी प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया था। इस मामले में पुलिस ने 36 नामज़द नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित करीब पांच हज़ार अज्ञात लोगों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुक़दमा दर्ज किया था। आरोप था कि पुलिस पर जानलेवा हमला, आगजनी, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा डालने, बंधक बनाए जाने, बलवा करने और सरकारी संपति को नुक़सान किया गया था। इस मामले में गुरुवार को बागपत विधायक योगेश धामा, भाकियू नेता राकेश टिकैत, पूर्व मंत्री दलवीर सिंह, मोदीनगर के पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व विधायक वीर पाल सिंह राठी , पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सहित दो अन्य आरोपियों ने एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर किया। न्यायाधीश निशांत मान की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपियों की जमानत स्वीकार कर ली। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अजय वीर चौधरी ने बहस की। हालांकि, डॉक्टर के माता-पिता ने दावा किया कि जांच आधे-अधूरे मन से की गई और अपराध में शामिल अन्य दोषियों को बचाया गया।

हमारे पाठ्यक्रम से बाहर हो सकती हैं ट्रंप की कुछ नीतियां%, जयशंकर ने साफ किया भारत का रुख

नई दिल्ली,एजेंसी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों पर भारत का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की कुछ नीतियां भारत के पाठ्यक्रम से बाहर हो सकती हैं। लेकिन हम अपने राष्ट्रीय हित को महत्व देंगे।

दिल्ली विवि के एक कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रवादी हैं। वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ रहा है। मैं हाल ही में अमेरिका के नए राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में गया था। हमें वहां अच्छा व्यवहार और सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि ट्रंप की नीतियां वैश्विक मामलों में अहम बदलाव ला सकती हैं, लेकिन हमारी विदेशी नीति राष्ट्रीय हित पर आधारित होगी।

विदेश मंत्री ने कहा कि हां यह सही बात है कि ट्रंप कई चीजों में बदलाव करेंगे। लेकिन हो सकता है कि कुछ चीजें हमारे पाठ्यक्रम से बाहर हों। इसलिए हमें अपनी विदेश नीति को पाठ्यक्रम से बाहर चलाना होगा। जो हमारे राष्ट्रीय हित में होगा। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर हम अलग हो सकते हैं। मगर कई क्षेत्र ऐसे हैं जो हमारे दायरे में होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध मजबूत हैं। पीएम मोदी के ट्रंप के साथ अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते हैं।

विदेश मंत्री ने भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को लेकर बदलती धारणा को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तो तमाम गैर भारतीय भी खुद को भारत का बताने लगे हैं। क्योंकि उनको लगता है कि इससे उन्हें कहीं विमान में सीट मिल जाएगी।

राजनीति में अपने प्रवेश को लेकर बोले विदेश मंत्री: संवाद सत्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राजनीति में प्रवेश को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नौकरशाह बनूंगा। राजनीति में मेरा प्रवेश अचानक हो गया। इसे चाहे तो भाग्य कह सकते हैं या मोदी कह सकते हैं। पीएम मोदी ने इस तरह मेरा पीछा किया कि कोई भी मना नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि विदेश में रहने वाले प्रवासी भारतीय अभी भी अपनी मातृभूमि पर भरोसा रखते हैं। जो भी देश से बाहर जाते हैं वो हमारे पास आते हैं। बाहर हम ही रखवाले हैं।

राज ठाकरे ने विधानसभा के नतीजों पर जताया संदेह, भाजपा पर लगाए गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप

मुंबई,एजेंसी।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने बृहस्पतिवार को मनसे के राज्य नेताओं की बैठक के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने करोड़ों रुपये के घोटाले में शामिल नेताओं को सलाखों के पीछे डालने के बजाए उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। वहीं, ठाकरे ने पहली बार विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी के सुर में सुर मिलाते हुए बीते साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों पर संदेह जताया। उन्होंने सवाल किया कि कैसे अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने लोकसभा चुनावों में केवल एक सीट जीतने के कुछ महीने बाद ही राज्य चुनावों में 42 सीटों पर जीत हासिल कर ली। वर्षों से सूबे की राजनीति में सक्रिय शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) को महज 10 सीटें मिलीं। राज ने कहा कि चुनाव नतीजों के बाद कुछ चीजों पर विश्वास नहीं हो रहा है। ठाकरे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 70,000 करोड़ रुपये के सिंचाई घोटाले में शामिल लोगों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा। लेकिन उन्हें कहां रखा गया? मंत्रिमंडल में। वह मध्यप्रदेश में 2023 में दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का जिक्र कर रहे थे। इस भाषण में पीएम ने महाराष्ट्र में कथित सिंचाई घोटाले का मुद्दा उठाया था। भाजपा ने घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए उस वक्त विपक्ष के नेता रहे अजित पवार पर निशाना साधा था। हालांकि, बाद में पवार एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए और जुलाई 2023 में उपमुख्यमंत्री बन गए।

भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं को भाजपा ने बनाया उपमुख्यमंत्री और मंत्री: ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने एक बार कई नेताओं पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया था लेकिन बाद में उनसे हाथ मिलाकर उन्हें उपमुख्यमंत्री और मंत्री बना दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कई नेताओं पर आरोप लगाए थे लेकिन अब वही लोग मंत्रिमंडल में हैं। ठाकरे ने भाजपा नेताओं के साथ अपनी लगातार बैठकों को लेकर कहा, कई लोग कहते हैं।

नोएडा के टैक्सी चालक की हत्या मामले में कोताही पर बहालगढ़ थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

चंडीगढ़,एजेंसी।

ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोप में सोनीपत जिले के थाना बहालगढ़ के एसएचओ समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया, जबकि डायल 112 पर तैनात दो एसपीओ को लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई एक टैक्सी चालक के अपहरण और हत्या मामले में लापरवाही किए जाने पर हुई है। इस मामले में टैक्सी मालिक द्वारा बहालगढ़ थाने में शिकायत दी गई थी। मर्डर को लेकर असंवेदनशीलता बरती गई। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से रेवाड़ी के रहने वाले नवीन कुमार का नोएडा में मानवी टूर एंड ट्रैवल्स के नाम से कारोबार है। उसकी अर्टिगा टैक्सी पर प्रमोद कुमार ड्राइवर है। उसने अपनी टैक्सी को ओला में लगाया हुआ है। उसकी लक्ष्मी नगर (दिल्ली) से बागपत (यूपी) के लिए बुकिंग हुई थी। मूल बुकिंग लक्ष्मी नगर से नोएडा की थी, जिसे यात्रियों ने बदलकर बागपत कर दिया। बाद में ड्राइवर ने बताया कि वह दोनों यात्रियों को सोनीपत ले जा रहा है और दो घंटे में लौट आएगा। उसने ड्राइवर प्रमोद को फोन किया तो उसने नहीं उठाया। उसने टैक्सी की लोकेशन ट्रैक की, जो बहालगढ़ के ओमेक्स प्लाजा में मिली। वह अपने दोस्त संजू के साथ मौके पर पहुंचा। उसकी टैक्सी वहां पर खड़ी मिली। उस वक्त टैक्सी के पास न तो ड्राइवर प्रमोद मिला और दोनों यात्री भी गायब थे। उसने गाड़ी को चैक किया तो उसकी सीटों पर खून के निशान मिले। इसके बाद उसने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को इसके बारे में सूचित किया। एएसआई सुरेंदर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल शिवोम और हैड कांस्टेबल कुलदीप की टीम ने मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। नवीन कुमार दो यात्रियों छिनौली निवासी विशु और नूरपुर निवासी राजन शर्मा पर ड्राइवर प्रमोद के अपहरण का शक जताया था। पुलिस से मदद मांगने पर न मिलने पर बहालगढ़ थाना प्रभारी सहित पांच पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजन निवासी बिजनौर, यूपी व प्रशांत उर्फ विशु निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया।ग

अमेठी में 22 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार.

राष्ट्र संवाद संवाददाता

अमेठी।जिले की मोहनगंज थाना पुलिस ने स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।उसके कब्जे से 22 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में चलाये जा रहे नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को मोहनगंज थाना के एसआई विजय नारायण पाण्डेय व उनकी टीम क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो आरिफ पुत्र रज्जब खां निवासी ग्राम-पूरे ठकुराइन मजरे बहुआ थाना मोहनगंज अमेठी को ग्राम कोंची के पास से समय करीब 12:34 बजे दिन में गिरफ्तार कर लिया।पुलिस की तलाशी में आरोपी के कब्जे से 22 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस ने आवाश्यक विधिक कार्यवाही की।

अक्तूबर तक 20 लाख घर और सौर ऊर्जा से होंगे रोशन, डिस्कॉम को 4950 करोड़ का प्रोत्साहन

नई दिल्ली,एजेंसी।

केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने कहा कि पीएम सूर्य योजना के तहत घरों की छतों पर लगाए जा रहे सौर संयंत्रों की संख्या अक्तूबर तक 20 लाख के पार पहुंच जाएगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के सम्मेलन में नाइक ने कहा, मार्च तक यह आंकड़ा 10 लाख के पार होने की उम्मीद है।?

नाइक ने कहा, मुफ्त बिजली योजना छतों पर सौर प्रणाली लगाने की दुनिया की सबसे बड़ी पहल है। इस योजना के तहत मार्च, 2027 तक एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत मार्च, 2026 तक यह आंकड़ा 40 लाख तक पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 फरवरी, 2024 को 75,021 करोड़ रुपये के बजट के साथ इस पहल की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य छतों पर सौर प्रणाली लगाने को सुगम बनाकर घरों को मुफ्त बिजली देना है। योजना के तहत बिजली वितरण कंपनियों यानी डिस्कॉम को राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (एसआईए) के रूप में नामित किया गया है।

डिस्कॉम को 4,950 करोड़ का प्रोत्साहन: डिस्कॉम को प्रोत्साहन के लिए कुल 4,950 करोड़ रुपये दिया गया है। इसमें ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर (जीसीआरटी) के दूसरे चरण के कार्यक्रम के तहत पिछले खर्च को शामिल किया गया है। नाइक ने दिसंबर में कहा था कि राष्ट्रीय पोर्टल पर कुल 1.45 करोड़ पंजीकरण, 26.38 लाख आवेदन और 6.34 लाख छत पर सौर स्थापना हो गई है।

महाकुंभ भगदड़ में मृत पश्चिम बंगाल की दो महिलाओं के शव बिना मृत्यु प्रमाण पत्र परिजनों को सौंपे जाने के आरोप

कोलकाता,एजेंसी।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान मची भगदड़ में पश्चिम बंगाल की दो महिलाओं सहित 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना किसी आधिकारिक मृत्यु प्रमाण पत्र के ही शव सौंप दिए गए।

कोलकाता के गोल्फ ग्रीन इलाके की रहने वाली बसंती पोद्दार और पश्चिम मेदिनीपुर जिले की सालबोनी की उर्मिला भुइयां की इस भगदड़ में जान चली गई। बसंती पोद्दार के बेटे सुरजीत पोद्दार ने बताया कि हम संगम घाट की ओर बढ़ रहे थे, तभी अचानक भारी भीड़ उमड़ी। कोई पुलिसकर्मी वहां मौजूद नहीं था। भगदड़ रात करीब एक से 1:30 बजे के बीच हुई। मां को अस्पताल ले जाने का मौका तक नहीं मिला।

सुरजीत ने आगे बताया कि उन्हें शव सौंपते समय कोई मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं दिया गया, बल्कि सिर्फ एक साधारण पर्ची दी गई, जिस पर कोई सरकारी मुहर या हस्ताक्षर नहीं था। उन्हें यह भी बताया गया कि मृत्यु प्रमाण पत्र उनके स्थानीय पुलिस स्टेशन को भेजा जाएगा।

उर्मिला भुइयां के भाई दुलाल भुइयां ने भी यही आरोप लगाया कि उनकी बहन का शव बिना किसी आधिकारिक प्रमाण पत्र के ही सौंप दिया गया।

बंगाल सरकार ने उठाए सवाल, बिजली मंत्री बोले ङ्क पूरी तरह अव्यवस्था का नतीजा

इस घटना पर पश्चिम बंगाल के बिजली मंत्री अरूप बिस्वास ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। शवों को बिना मृत्यु प्रमाण पत्र के सौंपा जाना प्रशासनिक लापरवाही है। मुख्य मार्ग फोर लेन व सिक्स लेन बनाए जा रहे हैं। हजारों करोड़ से अयोध्या नगरी का विकास किया जा रहा है।

स्थानीय पार्षद तपन दासगुप्ता ने भी यूपी सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एक साजिश लगती है। बिना प्रमाण पत्र के शव सौंपना गलत है। ऐसा करने से मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिलने में दिक्कत आ सकती है। जरूरत पड़ी तो हम इस मामले में एफआईआर दर्ज कराएंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिए जांच के आदेश: महाकुंभ में हुई इस भगदड़ के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है, जो एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। प्रशासन का कहना है कि भीड़ नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। नोएडा के टैक्सी चालक की हत्या मामले में कोताही पर बहालगढ़ थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित इससे देश के पर्यावरण में 578 लाख मैट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद मिली है।कंपनी ने बताया कि ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर का यह अधिग्रहण सैजिलिटी इंडिया की बाजार उपस्थिति का काफी विस्तार करता है।

मिजोरम: मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिले सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख, सीमा गतिविधियों की दी जानकारी

आइजोल,एजेंसी।

सेना के पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने अपनी मिजोरम यात्रा के दौरान आइजोल में बृहस्पतिवार को नवनियुक्त राज्यपाल विजय कुमार सिंह और मुख्यमंत्री लालदुहोमा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसकी सूचना भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर दी। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने राज्यपाल को इंडो-म्यांमार सीमा पर चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इसके अलावा विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।

गौरतलब है कि भारत-म्यांमार सीमा पर तारबंदी का काम चल रहा है और स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। इस बीच, सेना की पूर्वी कमान प्रमुख का राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। कि मुझे भाजपा नेताओं से नहीं मिलना चाहिए। मैं लोगों से मिलता हूं, लेकिन मैं खुद को नहीं बेचता। मेरी मराठी पहचान बरकरार है। वहीं, भाजपा नेता और मंत्री आशीष शेलार ने ठाकरे की आलोचना करते हुए उन पर गलत जानकारी पेश करने और पार्टी की राजनीतिक स्थिति को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। सरकार का कहना है कि पिछले इथेनॉल सप्लाई वर्ष में इथेनॉल की खरीद के लिए किसानों को 40 हजार करोड़ रुपये की अदाएगी की गई है। इथेनॉल मिश्रण करने से देश को वर्ष 2014-15 से वर्ष 2023-24 तक 1,13,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत की गई है।

बीपीएससी अभ्यर्थियों के खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन ,350 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

राष्ट्र संवाद संवाददाता

बीपीएससी 70वीं प्रीलिम्स परीक्षा को रद कराने की मांग को लेकर गुरुवार 30 जनवरी को पटना में हुए अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में पुलिस ने 350 अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज किया है. इनकम टैक्स गोलंबर से लोहिया चक्रपथ तक उत्पाद मचाने साथ ही वीरचंद पटेल पथ पहुंचकर यातायात बाधित करने के लिए पुलिस ने अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज किया है.

बीपीएससी छात्रों के खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन : पुलिस ने यह भी बताया कि कोतवाली थाना में 42 अभ्यर्थियों को डिटेन किया गया है. जिसमें 37 पटना जिले से बाहर के हैं, जबकि पांच अभ्यर्थी पटना जिले के हैं. पटना जिला प्रशासन ने कहा है कि अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के कारण बेली रोड पर जाम लग गया और राहगीरों को

काफी परेशानी हुई. इसके साथ ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और पुलिस बल के साथ इनके द्वारा धक्काझमुक्की भी की गई. इन लोगों ने एक पुलिस जवान को धक्का दे कर गिरा दिया था.

जिला प्रशासन एवं पुलिस बल द्वारा संयम का परिचय देते हुए प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया गया. इसमें दो कोचिंग संचालकों की सक्रिय भूमिका पायी गई है. सचिवालय थाना में 350 प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक कोचिंग संचालक सहित 30 लोगों को निरुद्ध किया गया है. जिसमें 26 लोग पटना जिले से बाहर के हैं.

पटना पुलिस ने कहा है कि जिन छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उसमें कितने परीक्षार्थी हैं और कितने गैर-परीक्षार्थी हैं, इसका सत्यापन कराया जा रहा है. इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. शुरूआती जांच में पटना जिला प्रशासन को पता चला है कि दो कोचिंग संचालकों और कुछ अन्य ने टेलीग्राम पर एक क्यूआर कोड जारी कर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को मोबिलाइज किया है.

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्ति पर तेघड़ा पोस्टमास्टर को दी भावभीनी विदाई

राष्ट्र संवाद(ब्यूरो चीफ) बेगूसराय

तेघड़ा अनुमंडलीय डाकघर में पोस्टमास्टर पद पर कार्यरत रघुनंदन सहनी को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई ।

डाकघर कार्यालय में 31 जनवरी शुक्रवार को आयोजित विदाई समारोह में रघुनंदन सहनी को शाल और पुष्प की माला पहनाकर ढ़ेर सारे उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

उपस्थित कर्मियों ने उनके कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ छवि, ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने सेवाकाल के दिनों को याद करते हुए रघुनंदन सहनी ने कहा कि आज भले ही मोबाइल और इंटरनेट ने चिट्ठियों के प्रचलन को कम कर दिया है, लेकिन चिट्ठियों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी सेवाकाल के लंबे समय में अपनी कार्य कुशलता से कर्मियों और हजारों लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट देखी है। विदाई के दौरान वे बहुत ही भावुक भी दिखे। इस दौरान लोगों ने भी फूल मालाओं और शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान बृजेश कुमार ,भवेश कुमार ,शिवेंद्र मोहन ,मोहन कुमार ,राम शंकर चौधरी, अमन कुमार एवं राजेंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।

दुकान खुलते ही दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप में लूट, जांच में जुटी पुलिस

राष्ट्र संवाद संवाददाता

वीरपुर/ बेगुसराय थाना क्षेत्र के वीरपुर बाजार स्थित मजार के पास शुक्रवार की सुबह 10:45 बजे में जैसे ही एक ज्वेलरी शॉप का दुकानदार द्वारा एक शटर को खोला गया इतनी ही देर में एक लुटेरा बदमाश सोने की दुकान पर पहुंच कर बैग में रखे लगभग 400 ग्राम के ज्वेलरी और लॉकर की चाबी रखे बैग को उठाकर लेकर भाग गया। पीड़ित दुकानदार किरण साह ने बताया कि सुबह 10:45 बजे में जैसे ही दुकान का एक शटर को खोला इतना ही देर में एक लुटेरा लूट की भावना से दुकान पर पहुंचा और सोने का जेवर रखे थैला को उठाकर भाग गया। जब हम जोर जोर से शोर मचाया तब तक लुटेरा बैग लेकर फरार हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद है।घटना की जानकारी मिलते ही वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दुकान के सीसीटीवी फुटेज को लेकर बदमाश की पहचान कर गिरफ्तारी करने में जुट गई हैं। थानाध्यक्ष ने बताया गया कि पीड़ित दुकानदार के द्वारा थाना में आवेदन लिखकर अभी तक नहीं दिया गया है। थाना में आवेदन देने के बाद यह पूरा क्लियर हो जाएगा कि कितना सोना थैला में रखा था।फिलहाल पुलिस घटना के बाद अपराधी की पहचान कर गिरफ्तारी में जुट गई है।

खोदावन्दपुर के चार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

खोदावंदपुर/बेगूसराय। खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के चार उच्च माध्यमिक विद्यालयों में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया. 30 जनवरी को राजकीयकृत किसान प्लस टू विद्यालय तारा बरियारपुर, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय चकयद्दु मालपुर एवं 31 जनवरी को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मुसहरी एवं श्रीदुर्गा प्लस टू विद्यालय मेघौल में संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया. इन चारों संकुल स्तरीय विद्यालय के अंतर्गत सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने इस टीएलएम मेला में स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इस टीएलएम मेला में प्रतिभागी शिक्षकों ने पहाड़े की मशीन, जोड़ घटाव की मशीन, शब्द पहिया, ग्रिन मोफलर, मात्राओं की प्रदर्शनी लगायी. कार्यक्रम में किसान प्लस टू विद्यालय तारा बरियारपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, पूनम पूर्वे, चकयद्दु मालपुर के प्रभारी एच एम प्रभाकर नवीन, मुसहरी के प्रभारी एच एम रुपेश कुमार, मेघौल के एच एम मधुसूदन पासवान, सेवानिवृत शिक्षक चन्द्रशेखर चौधरी समेत कई वक्ताओं ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किये गये टीएलएम मेला कार्यक्रम की प्रशंसा की.

डॉ साकेत कुशवाहा को लद्दाख केंद्रीय विश्व विद्यालय के कुलपति नियुक्त किये जाने पर बधाई देने वालों का लगा है तांता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

खोदावंदपुर ,बेगूसराय ललित नारायण मिथिला विश्व विद्यालय दरभंगा के पूर्व कुलपति व प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक सह कृषि अर्थशास्त्री डॉ साकेत कुशवाहा को लद्दाख केंद्रीय विश्व विद्यालय के कुलपति नियुक्त किये जाने पर स्थानीय शिक्षाविदों और छात्रों के बीच खुशी का माहौल है. बताते चलें कि कुशवाहा वर्ष 2014 से 2017 तक ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में कुलपति पद को सुशोभित किए थे उस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के पढ़ाई को चुस्त दुरुस्त कर दिया था. नामांकन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया था, उसके बाद अन्य विश्व विद्यालय में ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाया गया. उस समय दुनिया के सौ सर्वाधिक शक्तिशाली कुलपति में डॉ कुशवाहा शामिल हुए थे. उसके बाद राजीव गांधी केंद्रीय विश्व विद्यालय ईटानगर के कुलपति नियुक्त किये गये. डॉ कुशवाहा करीब 30 वर्षों तक विदेशों में सेवा देने के बाद भारत लौटे और बनारस हिंदू विश्व विद्यालय में सेवा देना शुरू किया. बधाई देने वालों में ऑक्सीजन मैन के नाम से चर्चित ग्लोबल एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज लीडर सह पर्यावरण सांसद राजेश कुमार सुमन, युवा ऑक्सीजन मैन सरोज कुमार, आइडियल पब्लिक स्कूल बरियारपुर पूर्वी के निदेशक राजाराम कुमार, समाजसेवी राजेश कुमार, दयानंद प्रभाकर, अजीत कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं.

एक पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ) बेगूसराय

तेघड़ा/ बेगूसराय तेघड़ा थाने की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस दो मोबाइल के साथ अपाची बाइक सवार दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान तेघड़ा थाना क्षेत्र के अयोध्या वार्ड संख्या निवासी राम प्रिय सिंह के पुत्र मयंक कुमार जिसके पास से एक पिस्तौल और मोबाइल बरामद हुआ एवं दूसरा तेघड़ा थाना क्षेत्र के तेघड़ा पुरानी बाजार वार्ड संख्या 15 निवासी अरुण कुमार मिश्रा के पुत्र राहुल कुमार के पास से दो कारतूस और एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया थानाध्यक्ष अमलेश कुमार एवं सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी हरिहरपुर थिंक गैस पंप के पास हथियार और कारतूस के साथ अपाची बाइक पर सवार होकर कहीं अपराधीक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से वहां है। तभी प्रातः गश्ती में निकले एस आई नवीन कुमार एवं तेघड़ा थाना के टाइगर पुलिस ने उसे घर दबोचा। उन्होंने बताया कि बिना नंबर प्लेट की काले रंग की अपाची के चेसिस पर अंकित नंबर से पता चला कि यह बाइक चोरी की है। पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर दोनों युवक पर मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

अनुमंडल बिधि लिपिक संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह के निधन पर तेघड़ा में शोक सभा

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ) बेगूसराय

तेघड़ा बेगुसराय विधि लिपिक संघ के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह के निधन की खबर सुनते न्यायालय परिसर में शोक की लहर छा गई।व्यवहार न्यायालय सहित अनुमंडल न्यायालय में न्याय कार्य स्थगित।अनुमंडल बिधि लिपिक संघ के अध्यक्ष श्री अमरनाथ बाबू के अचानक हृदय गति रुकने से दिनांक 30-01-2025 के रात्रि में उनका निधन हो गया।जिनका पार्थिव शरीर आज दिनांक 31-01-2025 11-00 बजे दिन में अनुमंडल बिधि लिपिक संघ तेघड़ा में लाकर संयुक्त रुप से श्रद्धांजलि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री शुशील प्रसाद, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, जोगेन्दर प्रसाद, प्रमोद सिंह, राज किशोर सिंह, अरुण यादव, शशि भूषण भारद्वाज, मनोरंजन कुमार सिन्हा, संजय कुमार,नवनीत कुमार सिन्हा, राज कुमार राय , राज किशोर सिंह उर्फ गुड्डू, वरीय अधिवक्ता लिपिक सह उपाध्यक्ष राम सुन्दर कुमार, सचिव अमित कुमार, गरीबनाथ उर्फ कारी जी, गणेश प्रसाद महतो, रंजीत कुमार,गुंजन कुमार, बाल्मीकि सिंह,कमल पासवान, राजनीति यादव, श्रीकांत पासवान, श्याम जी, एवं सैकड़ों जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, श्री अमरनाथ बाबू एक जुझारू मानवाधिकार, कम्युनिस्ट पार्टी के कर्मड सिपाही, लोक जन कल्याण, भ्रष्टाचार, तानासाही ,गरीब पिछड़ा, शोषित, प्रताड़ित,संघ , महासंघ के अधिकार का इमानदारी और बुलंदी से निडर निर्भय होकर रात दिन रहते हुए अमरनाथ बाबू अमर हो गये।

जननायक कपूर्री स्मृति भवन का निर्माण होगा, नाई समाज की मांगों पर जोर-औरंगाबाद में गूंजा सम्मान का स्वर

राष्ट्र संवाद संवाददाता ओम प्रकाश शर्मा

मदनपुर(औरंगाबाद): जिले के सभी प्रखंडों में 15-15 लाख रुपये की लागत से जननायक कपूर्री स्मृति भवन का निर्माण कराया जाएगा। यह घोषणा औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित धर्मदास बाबा परिसर में आयोजित कपूर्री जयंती समारोह के दौरान की।

सांसद कुशवाहा ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर किसी व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उनकी नीतियों पर चलकर समाज को संगठित रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राजद की सरकार आती है, तो औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर और कपूर्री विचार विकास मंच भवन का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय नाई महासभा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ठाकुर ने सरकार से नाई समाज को अनुसूचित जाति की सूची में जोड़ने, कपूर्री ठाकुर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने, कपूर्री स्मृति भवन के निर्माण तथा केस कला आयोग के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि नाई समाज आज भी विकास से पिछड़ा हुआ है और उसे आगे लाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। राजद एमएलसी उर्मिला ठाकुर ने कहा कि कपूर्री ठाकुर दुनिया के सबसे बड़े समाजवादी नेता थे, जिन्होंने गरीबों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। 1990 में लालू प्रसाद यादव के उदय के बाद ही गरीबों और पिछड़ों को सामाजिक व राजनीतिक पहचान मिली। पहले सामंतवादी व्यवस्था में पिछड़े समाज के लोग अपमानित जीवन जीने को मजबूर थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने संविधान लिखकर सामाजिक न्याय की नींव रखी। लालू प्रसाद यादव के संघर्ष ने पिछड़ों को प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर बैठने की हिम्मत दी। गरीब गुरुवा आज अधिकारियों से नजर मिलाकर बात कर सकते हैं, यह सामाजिक क्रांति का परिणाम है। जननायक कपूर्री ठाकुर का जीवन सादगी और संघर्ष का प्रतीक था, उनकी पत्नी भी सरकारी गाड़ी के बजाय ठेले पर अस्पताल गई थीं। कपूर्री ठाकुर ने हमेशा सामाजिक न्याय और पिछड़ों के उत्थान की लड़ाई लड़ी, जिससे वोट का राज सुनिश्चित हुआ।उनके संघर्षों के कारण ही आज अतिपिछड़ा और पिछड़ा वर्ग आरक्षण का लाभ उठा रहा है। उन्होंने कहा कि नाई समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा, तभी वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे। इस अवसर पर प्रिंस ठाकुर, दीपक कुमार शर्मा, अनु देवी, चिंता देवी, प्रतिमा देवी, प्रदेश महासचिव राम प्रवेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष विनोद ठाकुर, मुखिया संजय यादव, धनंजय यादव, सोनू यादव, दयानंद कुशवाहा, चंद्रशेखर आजाद, संजय ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, सुरजपत ठाकुर, रविन्द्र यादव, रंजीत यादव, उमेश यादव, दामोदर ठाकुर, मंतोष ठाकुर, अनुप ठाकुर, शंभू ठाकुर, रितिक कुमार, अजीत कुमार ठाकुर, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अंतर जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता मैच का आयोजन

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ) बेगूसराय

बीहट। जननायक चन्द्रशेखर सिंह की 109वीं जयंती पर बीहट स्टूडेन्ट क्लब के बैनर तले अंतरजिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता बीहट मध्य विद्यालय के मैदान में 31 जनवरी शुक्रवार को आयोजित की गई । जिसका विधिवत उद्घाटन तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह, एमएलसी राजीव कुमार, एनटीपीसी के ऊर कुमार एवं एनटीपीसी के ऊॅट केएन मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर एमएलसी राजीव कुमार ने कहा कि खेल ही एक ऐसी विधा है जो सामाजिक बुराइयों को दूर कर सकता है। आज देश के अंदर जात-पात से ऊपर उठकर हमें एकजुट होकर मैदान में खेलने की आवश्यकता है। वही विधायक राम रतन सिंह ने कहा कि बिहट की धरती सदैव खेल और संस्कृति को लेकर जागृत रहा है यहां की प्रतिभाओं को और सहयोग देने की आवश्यकता है। एनटीपीसी के ऊर कुमार ने कहा कि आज भी बिहट ने अपनी अस्मिता को बचाकर रखा है यहां की युवकों में असीम ऊर्जा है इसे संरक्षण की जरूरत है। स्टूडेंट क्लब के महासचिव नवल किशोर सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। वही धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक प्रहलाद सिंह ने कि। प्रथम मैच गौर और बरौनी के बीच खेला गया जिसमें बरौनी की टीम ने पहला मैच जीता। महासचिव नवल किशोर सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय वॉलीबॉल मैच का समापन का 2 फरवरी को होनी है। मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष चुनचुन राय, एमएलसी प्रतिनिधि विनोद कुमार मिश्रा उर्फ गोर बाबा, तेघड़ा भाकपा अंचल कार्यालय सह रामेश्वर सिंह स्मारक भवन के कार्यालय सचिव रविंद्र कुमार के अलावे हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे

अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए हमेशा याद किये जायेगें सेवानिवृत प्रधानाध्यापक- बीईओ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी खोदावन्दपुर के एचएम की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

खोदावंदपुर/बेगूसराय। अपने बेहतर शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य के लिए हमेशा याद किये जायेगें सेवानिवृत प्रधानाध्यापक. उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी खोदावन्दपुर के प्रधानाध्यापक हरेराम महतो ने अपने साढ़े 30 वर्षों के कार्यकाल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया. यह बातें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दानी राय ने कहीं. वे उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी, खोदावंदपुर के प्रधानाध्यापक हरेराम महतो की अवकाश प्राप्त करने के मौके पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय मैदान में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हरेराम महतो के कार्य कुशलता से दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को भी सिख लेने की बात कहीं. इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व बीआरपी व सेवानिवृत्त शिक्षक युगेश्वर महतो ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं. सिर्फ सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त किये हैं, उन्होंने कहा कि हरेराम महतो ने प्रधानाध्यापक के साथ-साथ डीडीओ की भूमिका भी अच्छे तरीके से निभाया. वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार ने हरेराम महतो के कार्यकाल की काफी प्रशंसा की. इस मौके पर आगत अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मंजू कुमारी ने की. कार्यक्रम में शिक्षक अकरम फरीदी के अलावे स्कूल के बच्चों ने अपने स्वागत गान से दर्शकों और श्रोताओं का मन मोह लिया. इस मौके पर प्रखंड प्रमुख संजू देवी, पूर्व प्रमुख मिथिलेश कुमार मिश्र, पूर्व जिला पार्षद मोहम्मद सुभान, सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र महतो समेत अन्य ने संबोधित किया. समारोह में बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, विद्युत कनीय अभियंता पवन कुमार, कार्यपालक सहायक दीपशिखा कुमारी, एमडीएम साधनसेवी रंजीत कुमार, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक विजय कुमार वर्मा, राम नारायण मेहता, सुरेश महतो, राम नारायण दास, पूर्व सीआरसी राजेश रजक, सहित अनेक शिक्षक शामिल थे.

उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठकुरनिया में टीएलएम प्रतियोगिता मेला का आयोजन, शिक्षकों ने किया अपने कला का प्रदर्शन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

दरभंगा: सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ठकुरनिया, मुरिया के प्रांगण में स्कूल काम्प्लेक्स स्तरीय टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन हुआ। संकुल अंतर्गत आने वाले चार विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठकुरनिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तारसराय, प्राथमिक विद्यालय ठकुरनिया, प्राथमिक विद्यालय मुरिया के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपने टीएलएम के साथ इस मेले में भाग लिया। प्रदर्शनीय मेला में शिक्षक व शिक्षिकाओं ने गणित, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, पर्यावरण आदि विषयों में अपने द्वारा बनाये गए विभिन्न टीएलएम मेला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य विद्यालय ठकुरनिया के प्रधानाध्यापक रामशरण यादव और मंच संचालन दीपक कुमार ने किया। इस मौके पर रामशरण यादव ने कहा कि इस तरह मेले के आयोजन से शिक्षकों में उत्साह का संचार होता है, बच्चों को और भी अच्छे से पढ़ाने और उनकी समझ को विकसित करने में टीएलएम उपयोगी साबित होगा। निर्णायक मंडली में सेवानिवृत्त शिक्षक खुशी लाल यादव, जुल्फिकार अहमद कॉम्प्लेक्स समन्वयक, हरि नारायण यादव ने संकुल अंतर्गत आने वाले चारों विद्यालय की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किए गए गये शिक्षण अधिगम सामग्री के अंतर्गत तबस्सुम परवीन, अर्चना वर्मा, बसन्त कुमार, मो इरशाद, शबाना जबीं, रविकांत, रानी कुमारी और नेहा कुमारी को विजेता घोषित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रधानाध्यापक रामशरण यादव व अतिथियों के हाथों दिया गया।

इस प्रदर्शनीय मेला में विजेता के इलावा जिन शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अपने कला का प्रदर्शन किया उनमे मो नूर आलम, तबस्सुम परवीन, अर्चना वर्मा, फूल कुमारी, अजय पटेल, अनिल कुमार, रविकांत, गुंजन कुमारी, प्रकाश कुमार, बसन्त कुमार आदि के नाम शामिल है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

तमिलनाडु की नर्मदा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कर्नाटक पदक तालिका में शीर्ष पर कायम

नेशनल गेम्स 2025:

नईदिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक ने गुरुवार को तैराकी में एक स्वर्ण और एक रजत के साथ-साथ पुरुषों की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में भी सोने का तमगा हासिल किया। वह 12 पदक (7 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य) लेकर पहले स्थान पर बना हुआ है।

तमिलनाडु की पूर्व विश्व कप विजेता निशानेबाज नर्मदा नितिन राजू ने राष्ट्रीय खेलों में गुरुवार को यहां अपनी प्रबल प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए 10 मीटर एयर राइफल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कर्नाटक पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। 23 वर्षीय नर्मदा ने 254.4 का स्कोर बनाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया तथा एशियाई खेलों की पदक विजेता रमिता जिंदल और ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। कर्नाटक ने गुरुवार को तैराकी में एक स्वर्ण और एक रजत के साथ-साथ पुरुषों की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में भी सोने का तमगा हासिल किया। वह 12 पदक (7 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य) लेकर पहले स्थान पर बना हुआ है। वुशु और ट्रायथलॉन में एक-एक स्वर्ण पदक जीतने के बाद मणिपुर 11 पदक (6 स्वर्ण, 5 रजत) के साथ दूसरे स्थान पर है।

पिछले राष्ट्रीय खेलों में पदक तालिका में शीर्ष पर रहने वाले महाराष्ट्र ने अब तक सबसे अधिक 23 पदक (4 स्वर्ण, 11 रजत, 8 कांस्य) जीते हैं लेकिन स्वर्ण पदकों की संख्या कम होने के कारण वह तीसरे स्थान पर है। देहरादून में त्रिशूल शूटिंग रेंज में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहीं नर्मदा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 254.4 के स्कोर के साथ पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया तथा महाराष्ट्र की आर्या बोरसे (252.5) और रमिता (230.4) को पछाड़ा। इस प्रक्रिया में उन्होंने ओलंपियन अपूर्वी चंदेला के नयी दिल्ली में 2019 विश्व कप में बनाए गए 252.9 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड 254.5 अंक का है जो पिछले साल नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में चीन की हुआंग युटिंग ने बनाया था। इस बीच हरियाणा के 2022 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता अनीष भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 31 हिट से स्वर्ण पदक जीता। सेना के गुरप्रीत सिंह 28 हिट से दूसरे और पंजाब के विजयवीर सिद्धू 26 हिट से तीसरे स्थान पर रहे।

भारोत्तोलन में छत्तीसगढ़ ने दो स्वर्ण पदक जीते। उसके भारोत्तोलक विजय कुमार ने पुरुषों के 55 किग्रा भार वर्ग के क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए स्वर्ण पदक जीता। छत्तीसगढ़ की एक अन्य भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने महिलाओं के 49 किग्रा में कुल 191 किग्रा (85 किग्रा+106 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की सारिका शिंगारे (कुल 179 किग्रा) और हरियाणा की कोमल कोहर (179 किग्रा) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। विजय कुमार ने स्नैच में 105 किग्रा भार उठाने के बाद क्लीन एवं जर्क में 143 किग्रा के साथ कुल 248 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

क्लीन एवं जर्क में उन्होंने महाराष्ट्र के संकेत सरगर के 2022 में बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। महाराष्ट्र के खिलाड़ियों मुकुंद अहेर (कुल 247 किग्रा) और श्रीनिवास गौड़ (244 किग्रा) ने रजत और कांस्य पदक जीता। भारोत्तोलन प्रतियोगिता के शुरुआती दिन गुरुवार को महाराष्ट्र ने छह पदक (एक स्वर्ण, एक रजत, चार कांस्य) जीते। ट्रायथलॉन में भी, महाराष्ट्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छह पदक (दो स्वर्ण, दो रजत, दो कांस्य) हासिल किए।

चेसः

विश्व चैंपियन गुकेश ने वारमेरडम को 34 चालों में हराया

2800 रेटिंग के करीब, प्रज्ञानंद भी जीते

विज्क आन जी, एजेंसी। गुकेश और वारमेरडम के बीच एक समय मुकाबला बराबरी का चल रहा था, लेकिन सिसिलियन के इस मुकाबले में गुकेश ने दो पॉन पर विजय पाकर वारमेरडम को बाजी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

विश्व चैंपियन डी गुकेश की शानदार फॉर्म का क्रम जारी है। उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए अपने शीर्ष स्थान कायम रखा है। गुकेश ने दसवें दौर में काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर मैक्स वारमेरडम को 34 चालों में हरा दिया।

उनके 7.5 अंक हो गए हैं और टूर्नामेंट में तीन दौर शेष हैं। इस जीत के साथ देश के नंबर एक खिलाड़ी गुकेश 2800 की रेटिंग के करीब पहुंच गए हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (7) ने सर्बिया के एलेक्सी सराना (5) को हराकर अपना दूसरा स्थान कायम रखा है। वहीं, आर प्रज्ञानंद ने व्लादीमीर फेदोसीव को हराकर तीसरे स्थान पर जगह बना ली। उनके 6.5 अंक हैं।

गुकेश और वारमेरडम के बीच एक समय मुकाबला बराबरी का चल रहा था, लेकिन सिसिलियन के इस मुकाबले में गुकेश ने दो पॉन पर विजय पाकर वारमेरडम को बाजी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

प्रज्ञानंद ने सफेद मोहरे से फेदोसीव के खिलाफ मध्य गेम में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। प्रज्ञानंद ने 48 चालों में जीत हासिल की। एक अन्य मुकाबले में पी हरिकृष्णा (4.5) ने विश्व नंबर दो अमेरिका के फैबियानो कारुआना (5.5) को 68 चालों में ड्रॉ खेलने पर मजबूर कर दिया। हरिकृष्णा सफेद मोहरों से खेल रहे थे।

अर्जुन फिर नहीं जीते

अर्जुन एरिगेसी का खराब फॉर्म का दौर जारी है। उन्होंने 10वें दौर में भी ड्रॉ खेला। अर्जुन को जर्मनी के विन्सेंट कीमर (4) ने बराबरी पर रोका। अर्जुन को टूर्नामेंट में अब तक जीत नहीं मिली है। एक अन्य भारतीय लियोन ल्यूक मेंडोंका (3) ने स्थानीय खिलाड़ी अनीष गिरी (5) को बराबरी पर रोका। चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली (5) को चेक गणराज्य की एनगुएन थाई वान डैम (7.5) के हाथों हार मिली।

सचिन तेंदुलकर 'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित होंगे

मुंबई, एजेंसी। पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को शनिवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक समारोह में बोर्ड के 'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। भारत के लिए 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 51 वर्षीय तेंदुलकर के नाम क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक टेस्ट और वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, 'हां, उन्हें वर्ष 2024 के लिए सी के नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। तेंदुलकर के 200 टेस्ट और 463 एकदिवसीय मैच क्रिकेट इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक हैं। उन्होंने वनडे में 18,426 रनों के अलावा 15,921 टेस्ट रन बनाए। उन्होंने अपने शानदार करियर में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व दिग्गज विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को यह पुरस्कार मिल चुका है।

जारा यासमिन को युजवेंद्र चहल ने किया प्रपोज? एक्ट्रेस ने खोला राज

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पिछले कुछ दिनों से अपने पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. पहले धनश्री वर्मा से उनके तलाक की खबरें सामने आई थीं. वहीं कुछ दिनों के बाद आरजे महविश को डेट करने की अफवाह उड़ी थी. फिर चहल की इंस्टाग्राम स्टोरी का एक स्क्रीनशॉट काफी वायरल हुआ, जिसमें वह फेस ब्लर करके किसी से वीडियो कॉल करते हुए नजर आए थे.

अब उनका एक पुराना अफेयर सुर्खियों में आ गया है. दरअसल, मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि उन्होंने एक्ट्रेस जारा यसमिन को इंस्टाग्राम लाइव चैट में प्रपोज कर दिया था. अब एक्ट्रेस ने इन सभी राज से पर्दा उठाया है. एक्ट्रेस

ने जारा यासमिन ने अपने और युजवेंद्र चहल के बीच रिश्ते को लेकर बात की है. उन्होंने दोनों के बीच रिश्ते की अफवाहों से पर्दा उठा दिया है. दरअसल, उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि कोविड के समय दोनों के बीच अचानक चैट का प्लान बना था. इस दौरान चहल उनसे पूछ रहे थे कि वो खाना कैसे पका रही थीं, क्योंकि लॉकडाउन की वजह से कोई मेड की सुविधा उपलब्ध नहीं थी.

तभी उन्होंने जारा से कहा था कि वो किसी भी वक्त शादी करके सभी को चौंका सकते हैं. हालांकि, उन्होंने किसी का भी नाम लिया था, लेकिन इसके बाद ऐसी खबरें आने लगी थीं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. इससे दोनों हैरान रह गए थे.

अंडर-19 वर्ल्ड कपः

भारत ने इंग्लैंड को 9 विकेट से हराकर फाइनल में बनाई जगह, लगातार दूसरा खिताब जीतने का मौका

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार अंडर19 टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई है। सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को मात दी और अपनी जगह पक्की की। निकी प्रसाद की कप्तानी वाली भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय है। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया।

भारत का सामना साउथ अफ्रीका से

वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी। भारत ने सेमीफाइनल में भी यही क्रम जारी रखा। खिताब के लिए उसका सामना साउथ अफ्रीका से होगा जिसने अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को मात दी।

इंग्लैंड ने बनाए थे 118 रन

इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 113 रन बनाए। भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 15 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। साल 2023 में पहली बार हुए इस टूर्नामेंट के फाइनल में भी भारत ने इंग्लैंड को ही हराकर खिताब अपने नाम किया था।

जी कामलिनी ने लगाया अर्धशतक

भारतीय टीम को जीत के लिए 114 रनों का लक्ष्य मिला था। जी कमालिनी और जी तृषा ओपनिंग करने उतरी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई। तृषा 29 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुई। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके लगाए। भारत ने इसके बाद कोई विकेट नहीं खोया। कामलिनी और सानिका चलके ने टीम को 15 ओवर में ही जीत तक पहुंचा दिया। कामलिनी ने 50 गेंदों में 56 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल थे। वहीं सानिका ने 12 गेंदों में 11 रन बनाए। उनकी पारी में एक ही चौका लगा।

दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई

क्रालालंपुर, एजेंसी। एश्ले वैन विक (चार विकेट) के बाद जेम्मा बोथा (37), और कप्तान कायला रेनेके (26) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। ऑस्ट्रेलिया के 105 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दो विकेट जल्द ही गवां दिए। हालांकि इस दौरान सलामी बल्लेबाज जेम्मा बोथा एक छोर थामे तेजी से रन बनाती रही।

उन्होंने 24 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रनों की आतिशी पारी खेली। कप्तान कायला रेनेके ने 26 गेंदों में तीन चौकों की मदद से (26) रन बनाए। करबो मेसो (19) रन बनाकर आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 18.1 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हसरत गिल और लूसी हैमिल्टन ने दो-दो विकेट लिये। क्लो एंसवर्थ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 12 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। इसके बाद कप्तान लूसी हैमिल्टन और काओइमहे ब्रे ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तीसरे विकेट के रूप में लूसी हैमिल्टन (18) रन बनाकर आउट हुई। काओइमहे ब्रे (36) रन बनाकर आउट हुई। एला ब्रिस्को ने 17 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (नाबाद 27) रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी आक्रमण के आगे ऑस्ट्रेलिया निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 105 रन का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एश्ले वैन विक ने चार विकेट लिए। अंथाबिसेंग निनी, कायला रेनेके और सेश्नी नायडू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान ने फिर कटवाई नाक!

ICC की डेडलाइन मिस करने पर लग सकती है फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन शुरू होने से पूर्व पाकिस्तान पर लगातार सवाल उठ रहे हैं. जैसे-जैसे टूर्नामेंट शुरू होने की तारीख (19 फरवरी) पास आ रही है, वैसे-वैसे मैदानों की तैयारी की अलग-अलग तस्वीरें सामने आती रही हैं. रावापिंडी, कराची और लाहौर के मैदानों में कहीं बैठने की व्यवस्था पूरी नहीं हो पाई है, तो कहीं निर्माण कार्य अब भी चल ही रहा है. अब मैदानों की तैयारी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है.

एक सूत्र ने बताया है कि मैदान 11 फरवरी तक ब्रांडिंग और अन्य कार्यों के लिए आईसीसी को सौंप दिए जाएंगे. आपको याद दिला दें कि आईसीसी ने मैदानों को सौंपे जाने के लिए आखिरी तारीख 31 जनवरी सेट की थी. मगर रिपोर्ट कुछ और ही बयां कर रही है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड डेडलाइन को मिस करने वाला है. सूत्र ने यह भी बताया कि मैदान

को फिनिशिंग टच देने का कार्य शुरू हो गया है, लेकिन अभी मैदान में कुछ जगह निर्माण कार्य के कारण पत्थर पड़े हैं जिन्हें जल्द ही हटा दिया जाएगा. पाकिस्तान के एक विख्यात मीडिया संस्थान ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी करके दावा किया कि डेडलाइन के भीतर मैदानों का निर्माण कार्य पूरा होना असंभव लगता है. फिर भी पीसीबी अधिकारी बार-बार कहते आए हैं कि चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले ही मैदान तैयार हो चुके होंगे. कराची मैदान के निर्माण कार्या पर भी सबकी नजरें टिकी हुई हैं क्योंकि टूर्नामेंट का पहला मैच 19 फरवरी को इसी मैदान पर खेला जाना है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला मैच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा.

यह भी बताते चलें कि पीसीबी ने कराची, रावलपिंडी और लाहौर के मैदानों के नवीकरण में 1,200 करोड़ पाकिस्तानी रुपये खर्च किए हैं. यह रकम भारतीय मुद्रा में करीब 373 करोड़ रुपये के बराबर है. टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है, लेकिन अब तक मैदानों की पूर्ण तैयारियों का कुछ अता-पता ही नहीं है.

विराट कोहली मात्र 6 रन पर बोल्ड स्टार बल्लेबाज के पवेलियन लौटते ही स्टेडियम में छाया सन्नाटा

नई दिल्ली, एजेंसी। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ लीग चरण के मैच के दूसरे दिन विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में वापसी पर सिर्फ 15 गेंदें ही खेल पाए। घरेलू दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कोहली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने उनका ऑफ स्टंप गिरा दिया। अच्छी लेंथ की फुलर साइड पर आने वाली गेंद पर आगे बढ़ते हुए कोहली ने लाइन के पार एक असामान्य स्वाइप करने का प्रयास किया लेकिन कोहली नाकाम रहे और गेंद ऑफ स्टंप पर जा लगी। कोहली ने एक चौके की मदद से मात्र 6 रन ही बनाए। कोहली को पहले दोनों छोर पर ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर तेज गेंदबाजों ने परेशान किया था, हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उनके आउट होने का एक पैटर्न देखने को मिला था।

कोहली के विकेट ने एक छोटी सी गिरावट की शुरुआत की, क्योंकि दिल्ली ने अपने अगले ओवर में सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान को हिमांशु के हाथों खो दिया। 30 ओवर की समाप्ति पर दिल्ली ने चार विकेट पर 103 रन बनाए और रेलवे के पहली पारी के स्कोर से 141 रन पीछे थी।

स्टेडियम में सन्नाटा छाया

कोहली की निराशाजनक पारी के बाद स्टेडियम में सन्नाटा छा गया और दर्शकों का एक बड़ा हिस्सा तितर-बितर हो गया, साथ ही पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली पवेलियन में डगआउट में वापस चले गए। गेट नंबर 16 और 17 पर सुबह 6:30 बजे से ही भारी भीड़ जमा होने लगी थी, जबकि उन्हें आम जनता के लिए खोले जाने से दो घंटे पहले ही गेट नंबर 16 और 17 पर भारी भीड़ जमा हो गई थी।

भारतीय खिलाड़ियों से मैदान पर दोस्ताना व्यवहार ना करें पाकिस्तानी प्लेयरः पूर्व कप्तान

कराची, एजेंसी। पूर्व कप्तान और मुख्य कोच मोईन खान ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को दुबई में होने वाले मैच में वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं करें। मोईन ने अभिनेता उशना शाह से एक पॉडकास्ट में कहा, 'जब मैं इन दिनों पाकिस्तान और भारत के मैच देखता हूं तो मुझे यह समझ नहीं आता है कि जैसे ही भारतीय खिलाड़ी क्रीज पर आते हैं, हमारे खिलाड़ी उनके बल्ले की जांच करते हैं, उन्हें थपथपाते हैं और दोस्ताना बातचीत करते हैं।

भारत के खिलाफ कई मैच खेलने वाले मोईन ने कहा कि वह विपक्षी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान रखने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उनके साथ जरूरत से ज्यादा मित्रता रखना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारे सीनियर खिलाड़ी हमें बताया करते थे कि भारत के खिलाफ खेलते समय कोई शिकायत न करें और मैदान पर उनसे बात करने की भी जरूरत नहीं है। जब आप उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करते हैं तो वे इसे आपकी कमजोरी मान लेते हैं। मोईन ने कहा, 'आजकल भारत के खिलाफ खेलते समय हमारे खिलाड़ियों का व्यवहार मेरे लिए समझ से परे है। यहां तक कि मैदान के बाहर भी पेशेवर खिलाड़ी होने के कारण आपकी कुछ सीमाएं होनी चाहिए।